आषाढ़ शुक्ल - 9 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 347 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 15-07-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित






5 राहुल गांधी अक्सर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देते हैं : भाजपा

6 राजस्थान भाजपा में बगावत के स्वर

7 आत्मविश्वास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण भी लगातार बने रहना चाहिए : जेपी नड्डा

# ट्रंप पर जानलेवा हमला

■ अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में एक युवक ने गोलियां चलाईं और एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी, लेकिन उनकी हालत ठीक है।



■ ट्रंप ने भीड़ की ओर मुट्ठी बांध कर हाथ हवा में लहराया और कहा कि "हम मुकाबला करेंगे"।

■ गोलीबारी की इस घटना में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

■ 'सीक्रेट सर्विस' के एक सदस्य ने हमलावर को मार गिराया। हमलावर की पहचान बेथेल पार्क के रहने वाले 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिकागो/वाशिंगटन/भाषा।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में शनिवार को चुनावी रैली में एक युवक ने गोलियां चलाईं और एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी, लेकिन उनकी हालत ठीक है। यह घटना मिल्वाकी में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' से दो दिन पहले हुई। इस सम्मेलन में ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए औपचारिक रूप से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा।

ट्रंप ने पेनसिल्वेनिया के बटलर में रैली को संबोधित करना शुरू ही किया था कि गोलियां चलने लगीं।

घटना की वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि गोलियां चलने के दौरान ट्रंप ने अपने दाहिने कान पर हाथ रख लिया। वहां अफरा-तफरी मच गई और इसी दौरान किसी ने जोर से कहा ''नीचे बैठो, नीचे बैठो। इसके बाद, सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने ट्रंप को बचाने के लिए उन्हें सुरक्षा घेरे में ले लिया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

हमले के बाद, पूर्व राष्ट्रपति के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से से खून निकलने लगा, उन्हें तुरंत मंच से बाहर ले जाया गया। ट्रंप ने भीड़ की ओर मुट्ठी बांध कर हाथ हवा में लहराया और कहा कि ''हम मुकाबला करेंगे''। इसके बाद, उन्हें कार में बिठाकर पिट्सबर्ग क्षेत्र के एक अस्पताल ले जाया गया।

सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाते वक्त ट्रंप ने कहा, मुझे मेरे जूते ले लेने दीजिए।

गोलीबारी की इस घटना में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की जांच ''हत्या के प्रयास'' मामले के तौर पर की जा रही है। 'सीक्रेट सर्विस' के एक सदस्य ने हमलावर को मार गिराया।

ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान दल के प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ''ठीक'' हैं।

संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने हमलावर की पहचान बेथेल पार्क के रहने वाले 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है। वह रिपब्लिकन के रूप में वोट करने के लिए पंजीकृत था।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में घटना के संबंध में और अपनी हालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, यकीन नहीं होता कि हमारे देश में ऐसी घटना हो सकती है। हमलावर मारा गया है लेकिन हम उसके बारे में कुछ नहीं जानते। मेरे दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी। सनसनाहट महसूस हुई और गोलियों की आवाज सुनकर मैं तुरंत समझ गया था कि कुछ गलत हुआ है। फिर तुरंत मुझे महसूस हुआ कि गोली मेरी त्वचा को छूकर निकली है। काफी खून निकल गया था, तब मुझे एहसास हुआ कि क्या कुछ हो रहा है। ईश्वर अमेरिका की रक्षा करें।

## ट्रंप घायल हुए लेकिन उनकी हालत ठीक है

**बटलर/एपी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन पर हुए हमले के तुरंत बाद रविवार को देशवासियों से एकजुटता और दृढ़ता का आह्वान किया। गोलीबारी में ट्रंप घायल हो गए लेकिन उनकी हालत ठीक है। राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने कहा कि गोली लगने से उनके दाएं कान के ऊपरी हिस्से में चोट लगी है। ट्रंप के सहयोगियों ने कहा कि वह अच्छे हैं और उनकी हालत ठीक है।

ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट पर लिखा, मुझे तुरंत लगा कि कुछ गड़बड़ है, क्योंकि मैंने एक तेज आवाज सुनी, गोलियां चलीं और तभी मुझे महसूस हुआ कि गोली मेरी त्वचा को चीरती हुई निकल गई। बहुत खून निकला। उन्होंने कहा, भगवान ने ही वह सब होने से रोक लिया जिसके बारे में सोचा भी नहीं था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप पर हमले की कड़ी निंदा की



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की रविवार को कड़ी निंदा की और कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## फर्स्ट टेक

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा 19 जुलाई को पुनः आयोजित करेगा एनटीए

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी-यूजी के 1000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए 19 जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। एनटीए ने 7 जुलाई को साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी 2024 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी की थी और घोषणा की थी कि यदि परीक्षा के संचालन के बारे में छात्रों द्वारा उठायी गई कोई शिकायत सही पायी जाती है तो वह 15 से 19 जुलाई के बीच सीयूईटी-यूजी अभ्यर्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करेगा।

| 15-07-2024 | 16-07-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:50 बजे | सूर्योदय 6:01 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 80,519.34 | 24,502.15 |
| (+622.00) | (+186.20) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,599 रु. | 94,850 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### पद लिप्सा

हल्दी की गांठ पकड़ मूषक,
खुद को पंसारी समझ रहे।
बिन तुले हुए ही कांटे पर,
वे खुद को भारी समझ रहे।
जन के मत को विस्मृत कर के,
पद का अधिकारी समझ रहे।
कुछ सीटों को पा कर नेता,
खुद को अवतारी समझ रहे।।



46 साल बाद

## पुरी के जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार फिर से खोला गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के पुरी में स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर का 'रत्न भंडार' 46 साल बाद रविवार दोपहर को फिर से खोला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आभूषणों, मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने और भंडार गृह की मरम्मत करने के लिए रत्न भंडार को खोला गया है। इसके पहले 1978 में इसे खोला गया था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के सदस्यों ने दोपहर करीब 12 बजे मंदिर में प्रवेश किया और अनुष्ठान करने के बाद रत्न भंडार को दोपहर 1.28 बजे शुभ मुहूर्त पर पुनः खोला गया। रत्न भंडार की चीजों की सूची बनाने का काम रविवार को नहीं शुरू हुआ और इसमें समय लगेगा।

## नरेंद्र मोदी हमारे नेता हैं विजनरी लीडर हैं : शिवराज सिंह चौहान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/एजेन्सी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं कोई मंत्री या नेता के रूप में नहीं आया हूं मैं भी आपका कार्यकर्ता हूं, हम यहां परिवार के भाव से बैठे हैं और भाजपा पार्टी नहीं पार्टी से आगे बढ़ाकर एक परिवार है।

झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी एवम केंद्रीय मंत्री चौहान ने आज यहां खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब से मिलकर मेरी अंतर्रात्मा गदगद, मैं प्रसन्न हूं कि आप जैसे कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने आया हूं। वैसे मैं मंत्री नहीं हूं मैं तो मामा हूं बहनों का भैया हूं। मध्यप्रदेश में हर बहन यह मानती है कि यह मेरा भाई है,और भाई भी सौतेला नहीं सगा भाई।

एक रिश्ता आत्मीयता का एक बंधन स्नेह का, प्रेम का और आज उसी बंधन में आपको बांधने भी आया हूं

मामा का मतलब क्या होता है। मामा में हैं दो मां। जो अपने भांजे भांजियों से दो-दो मां के जितना प्यार की वो मामा।

कार्यकर्ता बहनों और भाइयों आइए आज सबसे पहले हम बधाई दें अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को। 64 साल में पहली बार हुआ है।

## मोदी के एक्स पर रिकॉर्ड 10 करोड़ फॉलोअर्स हुए

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोशल मीडिया पर देश और दुनिया में लोकप्रियता निरंतर बढ रही है और सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 100 मिलियन यानी दस करोड़ हो गयी है जिससे वह दुनिया में ऐसी हस्ती के रूप में उभरे हैं जिसके सबसे अधिक फॉलोअर्स हैं। एक्स पर मोदी के फॉलोअर्स की संख्या विपक्षी इंडिया गठबंधन के 11 प्रमुख नेताओं के फॉलोअर्स की कुल संख्या से भी अधिक है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं के कुल फॉलोअर्स की संख्या 9 करोड़ 50 लाख है जबकि मोदी के फॉलोअर्स की संख्या 10 करोड़ है।

## के. पी. शर्मा ओली नेपाल के नए प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल में सीपीएन-यूएमएल पार्टी के अध्यक्ष के. पी. शर्मा ओली को नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए रविवार को चौथी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। उन्हें चीन समर्थक माना जाता है। ओली (72) ने पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की जगह ली है, जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हार गए थे। इसके बाद संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई।

केंद्रीय विद्यालय, आर.डब्ल्यू.एफ.
KENDRIYA VIDYALAYA, RAIL WHEEL FACTORY
शिक्षा मंत्रालय के तहत, भारत सरकार
येलहंका न्यू टाउन, बेंगलुरु - 560 064.
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Azadi Ka Amrit Mahotsav
FIT INDIA FREEDOM RUN 2.0
Phone : 080-28460979 (O), Fax No.: 080-28566968, E-Mail : kvrwf123@gmail.com, Website : https://wapyelahanka.kvs.ac.in

खरीद / सेवाओं / अनुबंधों के लिए फर्मों का पंजीकरण अधिसूचना

अधिसूचना संख्या : F.No. 13411/KV/RWF/2024-25 दिनांक : 12 July 2024

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु फ़र्मों द्वारा पंजीकरण के लिए आवेदन

फ़र्मों द्वारा वैध जीएसटी के साथ फर्मों से आवेदन स्कूल स्तर के कार्यक्रमों के लिए टेंटेज / शामियाना / बिस्तर एवं फर्नीचर को किराए पर लेना एवं हर्बल गार्डन के लिए पौधे और गमले ।

इच्छुक और पात्र फर्म / आपूर्तिकर्ता / सेवा प्रदाता जिनके पास वैध जी.एस.टी पंजीकरण एवं IT / PAN नंबर आदि प्रासंगिक प्रमाणपत्रों के साथ 25 जुलाई 2024 तक स्पीड पोस्ट द्वारा पूर्ण सबूतों के साथ पंजीकरण के लिए अपने आवेदन निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं प्रिंसिपल, केवी आरडब्ल्यूएफ, वेस्ट कॉलोनी, येलहंका न्यू टाउन, बेंगलुरु - 560064

नोट : पंजीकरण के लिए वरीयता व स्वीकृति उन्हीं फ़र्मों को दी जाएगी जो कि अमुक व्यवसाय के निर्माणकर्ता या पंजीकृत / अधिकृत / स्वीकृत विक्रेता होंगे। एजेंट / बीचोलिये रजिस्टर / पंजीकृत नहीं किए जाएंगे |

पंजीकरण के लिए प्रपत्र हमारी वेबसाइट से डाउनलोड करें www.wapyelahanka.kvs.ac.in

सही /- प्राचार्य

21वीं पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धासुमन



स्वर्गवास 15.07.2003

स्व. भंडारी घेवरचन्दजी बुधमलजी, सायला निवासी

आपकी यादों के चिराग हमारे दिलों में हमेशा जलते रहेंगे
प्रण यही है हमारा आपके प्रदर्शित पथ पर हमेशा चलते रहेंगे।
हे आदरणीय अर्पित है, विनम्र हृदय से भावांजलि।
स्वीकार करें हे पुण्य आत्मा, हम सबकी यह श्रद्धांजलि।।

श्रद्धावनत
पुत्र-पुत्रवधु ✦ अशोक-मीना, प्रवीण-डिम्पल, रमेश-रेखा, विमल-कविता, आनन्द-कीर्ति
पौत्र-पौत्रवधु ✦ रितेश-निकिता, ऋषभ-स्वीटी, अजितेश-अरुणा, रोहन-शेखा
पौत्र-पौत्रिया ✦ राशि, पलक, वंश, साक्षी, अनन्या, कश्वी
पड़पौत्री ✦ नियती, मोक्षा पड़पौत्र ✦ दिवीत, चहित, आर्य
एवं समस्त भण्डारी परिवार, सायला (बेंगलूर)
पुत्री-दामाद ✦ सुशीला-जुठमलजी सेठ , पुत्री-दामाद ✦ भाग्यश्री-राजेशजी जैन, दोहिता : स्पर्श जैन
पौत्री-दामाद ✦ ईशा-राहुलजी सालेचा, रूचिका-चेतनजी सुराणा
परदोहित्री-दोहित्र ✦ ख्याति, जियाना, दिव्यम दोहिता-वधु ✦ अभिषेक-गुणवंती सेठ,
परदोहिता/परदोहित्री ✦ मलंक, निर्वी सेठ दोहित्री-दामाद ✦ रसना-सिद्धार्थजी छाजेड़,
पडदौहित्री-पडदौहित्रा ✦ प्रिशी, समवित छाजेड़ दोहित्री-दामाद ✦ कृति-अविजी भंडारी
फर्म ■ GAYATRI INDUSTRIES ■ MARUDHAR ENTERPRISES (INDIA), Bangalore

स्वच्छ भारत अभियान — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



हुब्बल्ली के सुभाष नगर उद्यान के ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के पास स्वच्छता अभियान और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वी मुकुंद, वाईबी पाटिल, सामाजिक कार्यकर्ता विनोदकुमार पाटवा, रघुराज इब्राहिमपुर, मनोज जैन सहित अनेक सदस्यों ने स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेकर उद्यान क्षेत्र में पौधारोपण किया।



# राष्ट्र, समाज, संस्कृति और मानवता के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करने की आवश्यकता : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

## कन्नड़ साहित्य परिषद के कार्यक्रम में शामिल हुए आचार्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी रविवार को शहर के अवधूतदत्त पीठ के गणपति सच्चिदानंद आश्रम के विशाल ऑडिटोरियम में जिला कन्नड़ साहित्य परिषद, मैसूर एवं सुवर्ण कर्नाटक कार्मिक वेदिके द्वारा आयोजित राज्य विभूषण प्रशस्ति एवं नालवड़ी कृष्णराज वाडेयर प्रशस्ति प्रदान समारोह में शामिल हुए। आचार्यश्री ने कहा कि जन्म से नहीं, मनुष्य कर्म से महान् बनता है। अपने आपको कभी सामान्य नहीं आंकना चाहिये। पूरी निष्ठा और लगन से अपने-अपने क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिये। फल की इच्छा रखे बिना समर्पित भाव से कार्य करने वालों को दैविक शक्तियां भी सहायता करती है।

उन्होंने आगे कहा कि कन्नड़ राज्य और उसका साहित्यिक एवं सांस्कृतिक इतिहास गौरवशाली है। कर्नाटक मेरी मातृभूमि होने के नाते मुझे इस कार्यक्रम में अपने बुलाया है, यह हर्ष और अपनत्व का विषय है।

आचार्य ने कहा कि राष्ट्र, समाज, संस्कृति और मानवता के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करने की आवश्यकता है। तभी छोटे और सामान्य वर्ग के लोगों के प्रति न्याय हो सकता है। हम अलग-अलग मान्यताओं, वर्गों, क्षेत्रों, भाषाओं और जातियों के हो सकते हैं, पर हमारा ध्येय राष्ट्र, संस्कृति और मानवता के हितों की रक्षा का बना रहना चाहिये।

इस मौके पर जाने-माने समाजसेवी डॉ. हुसैन केरूर के अथक प्रयासों से समग्र कार्यक्रम की संयोजना हुई। कार्यक्रम में मैसूर राजघराने के वंशज और सांसद यदुवीर श्रीकंठ दत्त, अवधूत दत्तपीठ के स्वामी विजयानंद, बागलकोट के स्वामी कैलासपति एवं स्वामी लक्ष्मणशरण, बेंगलूरु से संन्यासिनी डॉ. अनु आर. अम्मा, जिला कन्नड़ साहित्य परिषद के अध्यक्ष मडीकेरे गोपाल आदि विविध क्षेत्रों के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने समारोह को संबोधित करते हुए साहित्य और संस्कृति के लिए काम करने और सामान्य घर की प्रतिभाओं को आगे लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों के 100 से अधिक सफल व्यक्तियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। वेदशाला के विद्यार्थी बालकों ने आचार्य विमलसागरसूरीश्वर से विशेष भेंट कर आशीर्वाद लिया जैनाचार्य के लिये उन्होंने वेदपाठ किया। अवधूत दत्त पीठ के स्वामी विजयानंद ने जैनाचार्य को संस्था के उद्देश्यों और गतिविधियों की जानकारी दी।

दोनों में समाज के हितार्थ संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनी। गणि पद्मविमलसागरजी एवं कल्याण मित्र वर्षावास समिति के अशोक दांतेवड़िया, कांतिलाल चौहान, वसंत राठौड़, गौतम सालेचा, भंवर लुंकड़, विजय बागरेचा, चैनसिंह राजपुरोहित, योगेश बागरेचा, जीतू लुंकड़, ऋषभ बागरेचा सागर बैद, भावेश बागरेचा आदि उपस्थित थे।



# जम्मू-कश्मीर में 'छिपे हुए आतंकवाद' की प्रवृत्ति उभरी, सुरक्षा एजेंसियां 'हाई अलर्ट' पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों द्वारा अपनाई गई ''संरक्षण और समेकन'' रणनीति के छिपे हुए खतरे से जूझ रही हैं। यह खतरा उत्तरी कश्मीर और कठुआ जिले में हाल ही में घात लगाकर किए गए हमलों और मुठभेड़ों में स्पष्ट प्रतीत होता है।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने घात लगाकर किए गए हमलों और आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ों का विश्लेषण करते हुए कहा है कि सुरक्षा एजेंसियां 'हाई अलर्ट' पर हैं, लेकिन जमीनी स्तर की 'मानव खुफिया' जानकारी के अभाव में ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ अभियान में बाधा आ रही है। तकनीकी खुफिया जानकारी पर पूरी तरह निर्भरता फलदायी नहीं रही है, क्योंकि आतंकवादी अधिकारियों को गुमराह करने के लिए ऑनलाइन गतिविधियों का इस्तेमाल करते हैं। अधिकारियों को लगता है कि विदेशी आतंकवादियों का मुकाबला करने के लिए विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। अपने शांतिपूर्ण माहौल के लिए परिचित इस क्षेत्र, खासकर पुंछ, राजौरी, डोडा और रियासी जैसे सीमावर्ती जिलों, में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। भारतीय वायुसेना के काफिले, तीर्थयात्रियों की बस पर हमले तथा कठुआ में सैनिकों की हाल ही में हत्या से यह उभरता खतरा दृष्टिगोचर हुआ है।

अधिकारियों ने कहा कि संरक्षण और समेकन रणनीति के तहत, आतंकवादी जम्मू और कश्मीर में घुसपैठ करते हैं, लेकिन शुरुआत में चुप रहते हैं, स्थानीय आबादी के साथ घुलमिल जाते हैं और हमले करने से पहले पाकिस्तान में मौजूद आकाओं से निर्देश मिलने का इंतजार करते हैं। हालांकि, घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों की संरक्षण और समेकन रणनीति का पता चलने के बाद जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां 'हाई अलर्ट' पर हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी का अभाव अभियान में बाधा बन रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि तकनीकी खुफिया जानकारी उतनी कारगर नहीं रही है, क्योंकि आतंकवादी केवल सुरक्षा एजेंसियों को भ्रमित करने के लिए इंटरनेट पर अपनी उपस्थिति छोड़ते हैं। अधिकारियों ने इसे आतंकवादी गतिविधियों में एक महत्वपूर्ण बदलाव बताते हुए भाड़े के विदेशी आतंकवादियों को उनके दुर्भावनापूर्ण इरादों को अंजाम देने से रोकने के लिए कड़ी निगरानी की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है।

# शाह ने मप्र के 55 जिलों में 'पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**इंदौर/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों के लिए ''पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस'' का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के बीच नई शिक्षा नीति लाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता की सराहना की।

मुख्य कार्यक्रम इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में हुआ, जिसे 'पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया गया है। शाह ने अन्य राज्यों से पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने के लिए मध्य प्रदेश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है, जब देश स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। इसमें एनईपी की अहम भूमिका होगी। विकसित राष्ट्र बनने के लिए शिक्षा की नींव मजबूत करनी होगी और प्रधानमंत्री मोदी ने अगले 25 वर्षों की जरूरतों को पूरा करने वाली एनईपी लाकर दूरदर्शिता का परिचय दिया है।

गृह मंत्री ने कहा, एनईपी न केवल हमारे छात्रों को दुनिया के लोगों के बराबर खड़ा करेगा, बल्कि देश की संस्कृति को भी एकजुट करेगा। यह मात्रा पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता पर केंद्रित है और छात्रों को अलग तरीके से सोचने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों के लाभ के लिए हिंदी में मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए भी मध्य प्रदेश की प्रशंसा की।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

यादव ने कहा कि इन कॉलेज की स्थापना 450 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से की गई है।

# चंद्रबाबू नायडू महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे से मिले, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके आवास पर मुलाकात की और मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य तथा बुनियादी ढांचे और अर्थव्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शिंदे और नायडू ने प्रगति के लिए अपने राज्यों के बीच सहयोग पर चर्चा की। बैठक में नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, महाराष्ट्र के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री दादा भुसे, मुख्यमंत्री शिंदे के बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिंदे के करीबी सूत्रों के अनुसार, शिंदे के आधिकारिक आवास वर्षा में दोनों मुख्यमंत्रियों ने करीब आधे घंटे तक बातचीत की। उन्होंने बताया कि मौजूदा राजनीतिक स्थिति समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया, शिंदे और नायडू ने दोनों राज्यों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग पर भी चर्चा की।

उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और डिजिटल क्षेत्र में अवसरों के विस्तार से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। शिंदे की पार्टी शिवसेना और नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा हैं।

## सरकार ने थोक पैकिंग वाली वस्तुओं पर अनिवार्य लेबलिंग का प्रस्ताव रखा, जनता से मांगी राय

**नई दिल्ली/भाषा।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसमें खुदरा बाजार में बेची जाने वाली 25 किलोग्राम से अधिक वजन या 25 लीटर से अधिक माप वाली पैक की गई वस्तुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी की घोषणा को अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इस कदम का उद्देश्य उस खामी को दूर करना है, जिसके तहत वर्तमान में ऐसी थोक पैकिंग पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी), समाप्ति तिथि, निर्माता की जानकारी और मूल देश जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने से छूट दी जाती है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देखा गया है कि 25 किलोग्राम से अधिक वजन वाली पैकेज्ड वस्तुएं भी खुदरा बिक्री के लिए बाजार में उपलब्ध हैं। प्रस्तावित संशोधन के तहत निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को खुदरा बिक्री के लिए सभी पूर्व-पैकेज्ड सामानों पर व्यापक लेबलिंग करनी आवश्यक होगा, चाहे उनकी मात्रा कितनी भी हो। इससे उद्योग जगत में स्पष्टता आने और उपभोक्ताओं को सूचित विकल्प चुनने में सहायता मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने प्रस्ताव पर 29 जुलाई तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## फडणवीस, भुजबल के दबाव के कारण मराठा आरक्षण मुद्दा सुलझ नहीं पाया है : जरांगे



**जालना (महाराष्ट्र)/भाषा।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के मंत्री छगन भुजबल के दबाव के कारण मराठा आरक्षण का मुद्दा सुलझ नहीं पाया है। जरांगे ने 13 जुलाई की मध्य रात्रि तक मराठों को आरक्षण देने में विफल रहने पर 20 जुलाई से अनिश्चितकालीन अनशन की घोषणा की थी।

जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में पत्रकारों से बातचीत में जरांगे ने कहा, सरकार ने इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया है, हालांकि 13 जुलाई की समयसीमा बीत चुकी है। मेरा मानना है कि फडणवीस और भुजबल ने सरकार पर मराठा आरक्षण की समस्या का समाधान न करने के लिए दबाव डाला होगा। जरांगे सभी कुनबी (कृषक) और उनके रक्त संबंधियों को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए ओबीसी प्रमाण पत्र की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे हैं। फरवरी में, महाराष्ट्र विधानसभा ने विरोध प्रदर्शनों के बीच शिक्षा और सरकारी नौकरियों में समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक पारित किया। कार्यकर्ता ने दावा किया कि मराठा उप-कोटा समिति के सदस्य राज्य मंत्री शंभूराज देसाई ने उनसे संपर्क नहीं किया है। जरांगे ने कहा, हमें देसाई पर भरोसा था, लेकिन उन्होंने अभी तक हमसे संपर्क नहीं किया है।

# संविधान को लेकर झूठी बातों पर विश्वास ना करें : अजित पवार ने राकांपा कार्यकर्ताओं से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



संविधान को लेकर झूठी बातों पर विश्वास ना करें : अजित पवार ने राकांपा कार्यकर्ताओं से कहा

बारामती (महाराष्ट्र)/भाषा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे उन पर भरोसा करें और प्रतिद्वंद्वियों द्वारा संविधान बदलने संबंधी फैलाई जा रही झूठी बातों पर विश्वास न करें। पुणे जिले के बारामती में अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा, जब तक हम जिंदा हैं, कोई भी संविधान को बदलने की हिम्मत नहीं करेगा।

अजित ने कहा कि वह सत्ता का इस्तेमाल गरीबों, किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिए करने में विश्वास रखते हैं और पिछले महीने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा पेश किया गया राज्य बजट इस उद्देश्य को उजागर करता है। उन्होंने कहा, गरीबी उन्मूलन और विकास मेरी पार्टी का एजेंडा है, जबकि मेरे विरोधियों ने झूठी बातें फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अजित ने अपने समर्थकों से उन पर भरोसा करने को कहा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से चीनी का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को भी इस ''फर्जी दुष्प्रचार'' पर विश्वास नहीं करना चाहिए कि दूध, पाउडर और प्याज का आयात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राकांपा और सत्तारूढ़ महायुति के सहयोगी यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी जाति या धर्म के किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। महायुति में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भाजपा भी शामिल हैं।

## भारत में 2030 तक खुदरा डिजिटल भुगतान दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर होगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में भारत में खुदरा डिजिटल भुगतान 2030 तक मौजूदा स्तर से दोगुना होकर 7,000 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कीर्ने और अमेज़न पे ने अपने एक अध्ययन में यह बात कही है। रिपोर्ट 'शहरी भारतीय कैसे भुगतान करते हैं' में कीर्ने और अमेजन पे ने कहा कि ऑनलाइन खरीद में डिजिटल भुगतान को मजबूती से अपनाने से उपभोक्ता व्यवहार में स्थायी बदलाव आने की संभावना है, जिससे ऑफलाइन खरीद को भी बढ़ावा मिलेगा। सर्वेक्षण में शामिल 90 प्रतिशत लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी करते समय डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता दी, लेकिन सबसे अधिक डिजिटल भुगतान उपयोग (डीडीपीयू) के साथ संपन्न उपभोक्ता आगे रहे। ऐसे उपभोक्ता अपने 80 प्रतिशत लेन-देन के लिए डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, युवा पीढ़ी सभी प्रकार के डिजिटल भुगतान साधनों को अपनाने में अग्रणी हैं। पुरुष और महिलाएं, दोनों ही अपने लगभग 72 प्रतिशत लेन-देन में डिजिटल भुगतान का उपयोग करते हैं, जो लैंगिक समानता को दर्शाता है। यह शोध 120 शहरों में ऑफलाइन और ऑनलाइन तरीके से 6,000 से अधिक उपभोक्ताओं और 1,000 से अधिक व्यापारियों के बीच किए गए ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित है।

## सरकार के विकास कार्य से प्रेरित होकर बीआरएस विधायक कांग्रेस में शामिल हो रहे : रेड्डी



**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने रविवार को कहा कि बीआरएस विधायक सत्तारूढ़ कांग्रेस में इसलिए शामिल हो रहे हैं क्योंकि वे राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास का हिस्सा बनना चाहते हैं। रेड्डी ने ताड़ी निकालने वालों के लिए सुरक्षा किट वितरण के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक कांग्रेस सरकार का समर्थन कर रहे हैं क्योंकि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित तौर पर खुलेआम धमकी दी थी कि सरकार जल्द ही गिर जाएगी। उन्होंने पिछली बीआरएस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने तेलंगाना को सात लाख करोड़ रुपए के कर्ज के जाल में धकेल दिया और राज्य सरकार अब ऋण चुकाने के लिए सात हजार करोड़ रुपए मासिक भुगतान कर रही है। रेड्डी ने बीआरएस के कुछ नेताओं के हाल में कांग्रेस में शामिल होने पर कहा, इन विधायकों का हमारी पार्टी में शामिल होने का कारण यह है कि यह सरकार तेलंगाना के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है जिसमें वे भी योगदान देना चाहते हैं। मैं उन्हें (कांग्रेस में शामिल होने के लिए) क्या पेशकश कर सकता हूं, कुछ नहीं। वे हमारी विचारधारा से प्रेरित हैं।

## हर की पौड़ी में बस पुल से नीचे गिरी, दो दर्जन से अधिक घायल

**हरिद्वार/भाषा।** उत्तराखंड के हरिद्वार में हरकी पौड़ी के पास रविवार को एक बस के पुल से नीचे गिरने से दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। रोड़ी बेलवाला पुलिस चौकी के प्रभारी यशवीर सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से चार की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उन्होंने बताया कि देहरादून से आ रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की मुरादाबाद डिपो की एक बस यहां दीनदयाल पार्किंग के पास पुल से नीचे गिर गई। सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया गया। उनके अनुसार बस के गिरने से पार्किंग में खड़ी कुछ कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## कार्यालय से काम करने के मामले में कोविड महामारी से पहले के स्तर पर पहुंचे: टीसीएस

**मुंबई/भाषा।** देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के कार्यालयों से काम करने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत कोविड महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच गया है। टाटा समूह की कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख मिलिंद लक्कड़ ने स्वीकार किया कि इसमें अपेक्षा से अधिक समय लगा। उन्होंने कहा कि 18 महीने के कठिन प्रयासों के बाद यह स्तर हासिल किया गया है। लक्कड़ ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम वास्तव में उस बिंदु पर आ गए हैं, जहां हमें विश्वास है कि हम लगभग कोविड महामारी से पूर्व के स्तर पर वापस आ रहे हैं।

लक्कड़ ने कहा कि छह लाख से अधिक लोगों को रोजगार देने वाली कंपनी के लिए यह सामान्य बात है, तथा टीसीएस अगली दो तिमाहियों में इस तरह की निगरानी नहीं करेगी। उन्होंने बिना कोई आंकड़ा दिए कहा कि सप्ताह में पांच दिन कार्यालयों से काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या पूर्व में घोषित 70 प्रतिशत से अधिक है।

यह ध्यान देने योग्य है कि कोविड महामारी से प्रेरित लॉकडाउन के परिणामस्वरूप पूरे आईटी उद्योग के कर्मचारियों को अपने घरों से काम करना पड़ा।

# कॉरपोरेट कर में कटौती से दो लाख करोड़ रुपए अरबपतियों की जेब में गए : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** व्यक्तिगत आयकर संग्रह के कॉरपोरेट कर संग्रह से अधिक होने को लेकर कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि कॉरपोरेट कर में कटौती से दो लाख करोड़ रुपए अरबपतियों की जेब में चले गए हैं, जबकि मध्यम वर्ग पर भारी कर का बोझ जारी है।

विपक्षी पार्टी ने सरकार पर यह हमला ऐसे वक्त किया है, जब एक दिन पहले केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों में दिखाया गया है कि 5,74,357 करोड़ रुपए (11 जुलाई, 2024 तक) का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह हुआ है, जिसमें 2,10,274 करोड़ रुपए का कॉरपोरेट आयकर और रिफंड को छोड़कर, 3,46,036 करोड़ रुपए का व्यक्तिगत आयकर शामिल है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, बजट की तारीख़ धीरे-धीरे नजदीक आ रही है, 23 जुलाई को इसे पेश किया जाना है। जारी किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि एक अप्रैल से एक जुलाई 2024 के दौरान सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 3.61 लाख करोड़ रुपए था, जबकि सकल कॉरपोरेट कर संग्रह 2.65 लाख करोड़ रुपए। उन्होंने कहा, यह उस बात की फिर से पुष्टि करता है जिसे हम लगातार कहते आ रहे हैं-लोग कंपनियों की तुलना में अधिक कर का भुगतान कर रहे हैं। रमेश ने कहा, जब डॉ. मनमोहन सिंह ने (प्रधानमंत्री का) पद छोड़ा था तब व्यक्तिगत आयकर कुल कर संग्रह का 21 प्रतिशत था, जबकि कॉरपोरेट कर 35 प्रतिशत। आज कुल कर संग्रह में कॉरपोरेट कर का हिस्सा तेजी से गिरकर एक दशक के सबसे निचले स्तर मात्र 26 प्रतिशत पर आ गया है। उन्होंने कहा कि इस बीच कुल कर संग्रह में व्यक्तिगत आयकर की हिस्सेदारी बढ़कर 28 प्रतिशत हो गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 20 सितंबर 2019 को कॉरपोरेट कर में इस उम्मीद से कटौती की गई कि इससे निजी निवेश में उछाल आएगा। उन्होंने कहा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इसके बजाय, निजी निवेश डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सकल घरेलू उत्पाद के 35% के उच्च स्तर से गिरकर 2014-24 के दौरान 29% से भी नीचे आ गया है। कॉरपोरेट कर में कटौती से अरबपतियों की जेब में दो लाख करोड़ रुपए गए हैं, जबकि मध्यम वर्ग कर का भारी बोझ झेल रहा है।



मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या रविवार को विधानसभा सत्र पूर्व बैठक के तहत बेंगलूरु में सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित करते् हुए।

# सिद्दरामय्या ने सत्र-पूर्व बैठक की, मंत्रियों को तैयार होकर आने का निर्देश दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने रविवार को मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को सोमवार से शुरू होने वाले नौ-दिवसीय विधानसभा सत्र के लिए तैयार होकर आने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि सिद्दरामय्या ने विधानसभा सत्र से पहले प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक की, जहां उन्होंने विभागीय मुद्दों का निदान करने और व्यक्तिगत रूप से सत्र में भाग लेने के लिए मंत्रियों के अच्छी तरह से तैयार होने के महत्व पर जोर दिया।

बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के सरकारी आवास 'कृष्णा' स्थित कार्यालय में हुई बैठक के दौरान, सिद्दरामय्या ने विभागीय सचिवों से सत्र के दौरान होने वाली संभावित चर्चा पर विवरण एकत्र किए और उन्हें प्रासंगिक डेटा संकलित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी सचिवों और विभाग प्रमुखों को बिना चूके सत्र में भाग लेना चाहिए और चर्चा के दौरान जवाब देने में मंत्रियों की सहायता करनी चाहिए।

# सरकारी बसों का किराया बढ़ाना बेहद जरूरी : एस आर श्रीनिवास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम के अध्यक्ष एस आर श्रीनिवास ने रविवार को कहा कि राज्य में सरकारी बसों के किराए में वृद्धि होनी चाहिए्। श्रीनिवास ने कहा कि केएसआरटीसी ने राज्य सरकार को 15 से 20 प्रतिशत किराया बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि हमने कल की बैठक में निर्णय लिया है कि केएसआरटीसी बसों के किराए में बढ़ोतरी होनी चाहिए्। हमने इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सरकार और मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। इससे पहले वर्ष 2019 में किराया संशोधित किया गया था। उस समय डीजल की कीमत 60 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब 99 रुपये तक पहुंच गई है। इसके अलावा स्पेयर पार्ट्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। कर्मचारियों की ओर से वेतन संशोधन की लगातार मांग की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के साथ समझौते में कहा गया है कि हर चार साल में वेतन का संशोधन होना चाहिए्। पिछली सरकार ने कोविड के कारण वर्ष 2020 में इसका पालन नहीं किया। इसलिए यह हमारे लिए एक चुनौती है। हम पर इन सब चीजों का दबाव है और हमें 2024 को ध्यान में रखते हुए वेतन भी संशोधित करना है। हम काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, तेल और स्पेयर पार्ट्स की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। हमें सब कुछ ध्यान में रखना है, इसलिए हमारे पास बहुत कम विकल्प हैं। यदि नियमित आधार पर किराया बढ़ाया जाए तो हम इन समस्याओं से आसानी से निजात पा सकते हैं।



उन्होंने कहा कि यदि हम पिछले तीन महीनों की बात करें तो निगम 295 करोड़ के घाटे में है। हमारे पास लगभग 8000 बसें हैं, सभी बसें 10 से 11 लाख किलोमीटर चल चुकी हैं। लगभग 450 से 500 वोल्वो बसें हैं, वे भी 20 लाख किलोमीटर चल चुकी हैं, इसलिए हमें नई वोल्वो बसें भी खरीदनी होंगी। हमने बैठक में नई खरीद के बारे में चर्चा की है। इन सभी कारणों को ध्यान में रखते हुए और नई बसें खरीदने, पुरानी बसों के रखरखाव, बहुत सारे खर्च हैं। इसलिए यह अपरिहार्य है कि किराया बढ़ाया जाए्। हमें हर चीज का ध्यान रखना है।उन्होंने आगे कहा कि हमने एक प्रस्ताव पारित किया है कि इस मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा। हमने बोर्ड में प्रस्ताव रखा है कि सरकार को टिकट की कीमतों में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि की अनुमति देनी चाहिए, ताकि हम चीजों को सुचारू रूप से चला सकें्। हम देखेंगे कि मुख्यमंत्री क्या निर्णय लेते हैं, लेकिन यदि इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए, तो निगम घाटे में रहेगा।

उन्होंने कहा कि निगम बंद होने की कगार पर पहुंच सकता है। जहां तक शक्ति योजना का सवाल है, हमें इसका पैसा सरकार से मिलता है, लेकिन कुछ चीजें ऐसी हैं, जिनके लिए हम सरकार पर निर्भर नहीं रह सकते। अगर इस निगम को चलाना है, तो हमें भी कुछ पैसे कमाने होंगे, इसलिए हम सीएम से अपील कर रहे हैं्। कोई कारण नहीं है कि शक्ति योजना के कारण कीमतों में बढ़ोतरी की जाए्। 2019 से कोई संशोधन नहीं हुआ है, इसलिए हम किराया बढ़ाने का अनुरोध कर रहे हैं्।

## आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

चेन्नई। तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) इकाई के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल मुख्य आरोपियों में से एक थिरुवेंगदम रविवार सुबह उत्तरी चेन्नई में माधवरम क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई की रात को छह सदस्यीय गिरोह ने हत्या कर दी थी। सीबी-सीआईडी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और अब तक इस संबंध में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस की एक टीम हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद करने के लिए थिरुवेंगदम को उसके बताये गए स्थान पर ले गयी तो आरोपी ने भागने के प्रयास में एक पुलिस उपनिरीक्षक पर हमला कर दिया। इस पर पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जिससे आरोपी घटनास्थल पर मारा गया। आरोपी का शव पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

उल्लेखनीय है कि थिरुवेंगदम और 10 अन्य लोग गत 11 जुलाई से पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में है।

# कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने अपने पूर्व सीईओ के खिलाफ धन की हेराफेरी करने की शिकायत दर्ज कराई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वाल्मीकि निगम घोटाले के बाद कर्नाटक राज्य वक्फ बोर्ड ने अपने पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जुल्फिकारुल्ला के खिलाफ इसके कोष से चार करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अवैध रूप से अंतरण करने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वर्तमान सीईओ मीर अहमद अब्बास ने अपने पूर्ववर्ती पर राज्य के खजाने को कुल 8.03 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।

हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में अब्बास ने कहा कि राज्य सरकार ने गुलबर्गा दरगाह से जुड़ी वक्फ की संपत्ति पर 'अतिक्रमण' किया और बदले में 2.29 करोड़ रुपये का भुगतान किया।

इसके अलावा वक्फ बोर्ड को धार्मिक बंदोबस्ती विभाग (मुजराई विभाग) से 1.79 करोड़ रुपये मिले थे। शिकायतकर्ता ने कहा, ''इस तरह 4,00,45,465 रुपये 'इंडियन बैंक' की बेन्सन टाउन शाखा में जमा किए गए्। 26 नवंबर, 2016 को विजया बैंक की चिंतामणि शाखा (चिक्काबल्लापुरा जिले में) में वक्फ बोर्ड के सीईओ के खाते में राशि भेजी गई्।

अब्बास ने कहा कि जुल्फिकारुल्ला ने इस पैसे के अंतरण के बारे में वक्फ बोर्ड को नहीं बताया, जिससे बोर्ड को 8.04 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ्। इस राशि का आकलन चक्रवृद्धि ब्याज को मिलाकर किया गया है। यह माना गया कि यदि पिछले आठ वर्षों में 4,00,45,465 की राशि को उचित रूप से निवेश किया गया होता, तो उस पर जो चक्रवृद्धि ब्याज अर्जित होता उसे मिलाकर यह राशि आज 8.04 करोड़ होती। शिकायत में कहा गया है कि 31 मार्च 2022 को यह माना गया कि जुल्फिकारुल्ला द्वारा धन के कथित दुरुपयोग के बारे में दिया गया जवाब असंतोषजनक था। दो साल बाद 12 जून 2024 को बोर्ड ने फैसला किया कि इस मामले में शिकायत दर्ज की जाएगी और तदनुसार छह जुलाई 2024 को मामला दर्ज किया गया।

वक्फ बोर्ड घोटाले में दर्ज की गई शिकायत हाल ही में प्रकाश में आए वाल्मीकि निगम घोटाले के बाद आई, जिसमें कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम से धन की हेराफेरी की गई थी। पुलिस ने वाल्मीकि निगम घोटाले में पूर्व मंत्री बी नागेंद्र के साथ 11 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है।

## चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार


मंगलूरु। कर्नाटक के मंगलूरु शहर में एक दुकान से 10 लाख रुपये से अधिक की नकदी की चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंगलूरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों ने आठ जुलाई की रात यहां कैपिटेनियो इलाके में किराने की एक दुकान का शटर तोड़कर 10.2 लाख रुपये की चोरी की थी। अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद नजीर हुसैन खान (27) और इलियास खान (22) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी नौकरी की तलाश में कुछ दिन पहले ही मंगलुरु आये थे। शहर में कैपिटेनियो इलाके में घूमते समय उनकी नजर बी.एच. ट्रेडर्स नामक दुकान पर पड़ी। दुकान का शटर ठीक से बंद नहीं था जिसका फायदा उठाकर उन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और उत्तर भारत जाने वाली एक ट्रेन में सवार हो गए्।

# तुंगभद्रा नदी में तेज बहाव के बावजूद तट पर पहुंच रहे लोग, सुरक्षा का इंतजाम नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के विजयनगर जिले के पास तुंगभद्रा नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। नदी में लगातार पानी का तेज बहाव हो रहा है। इसके बावजूद पर्यटक अपनी जान जोखिम में डालकर पानी में उतर रहे हैं्। वहां सुरक्षा का भी कोई इंतजाम नहीं है। ऐसे में हर समय किसी अनहोनी की आशंका बनी है। साप्ताहिक छुट्टी के अवसर पर लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ तट पर आनंद ले रहे हैं्। पर्यटक बिना किसी सावधानी के बांध के पिछले हिस्से से नीचे उतर रहे हैं्। वो पानी की लहरों के बीच एक-दूसरे के साथ सेल्फी खींच रहे हैं्। छात्र और प्रेमी युगल भी तट के किनारे पानी की लहरों का आनंद ले रहे हैं, जबकि



तुंगभद्रा तट पर पानी का बहाव रोज तेजी से बढ़ रहा है। पर्यटक अपनी जान को जोखिम में डालकर नदी के तट पर गहरे पानी में उतर रहे हैं्। वो तस्वीर और रील बनाने में इतने मशगूल हो गए हैं कि उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि यह उनके लिए घातक साबित हो सकता है। नदी का तेज बहाव किसी भी समय तट के किनारे पर्यटकों तक पहुंच सकता है, लेकिन उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं है। मौज-मस्ती के चक्कर में छात्र और प्रेमी युगल बांध के पिछले हिस्से से नीचे उतरकर अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं्। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि उन्हें ऐसा करने से रोकने के लिए कोई इंतजाम नहीं किया गया है। पर्यटकों को गहरे पानी के अंदर जाने की खुली छूट दे दी गई है। वहां पर कोई सुरक्षाकर्मी भी मौजूद नहीं है। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग का ध्यान भी इस ओर नहीं जा रहा है।

# कर्नाटक में डेंगू का कहर, सात की मौत

बेंगलूरु। कर्नाटक में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य में इस साल अब तक 9 हजार 82 मामले मिल चुके हैं्। कर्नाटक के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आंकड़ों को लेकर अपडेट दिया है। इसके मुताबिक बीते 24 घंटे में राज्य में डेंगू के कुल 424 पॉजिटिव मामले दर्ज किए गए हैं्। इस साल की शुरुआत से अब तक की बात करें तो 9082 केस दर्ज किए गए हैं्।


स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक डेंगू से पीड़ित 119 मरीजों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। 24 घंटे में एक भी मौत रजिस्टर नहीं हुई है, लेकिन इस साल अब तक सात लोग डेंगू के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं्। विभाग का दावा है कि 13 जुलाई को 2 हजार 557 लोगों का टेस्ट किया गया। तो वहीं इस साल कुल 66 हजार 298 लोगों का परीक्षण किया जा चुका है। ये सरकारी रिपोर्ट बताती है कि पिछले 24 घंटों में शून्य से एक साल तक के 4 बच्चे डेंगू पीड़ित पाए गए्। वहीं, एक से 18 साल की उम्र के मरीजों की संख्या 168 है। 18 साल से ऊपर वाले मरीजों की संख्या 252 हैं्। कुल मिलाकर 424 नए मरीज 24 घंटे में सामने आए हैं्। बता दें कि कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने डेंगू के बढ़ते मामलों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए्। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए कर्नाटक सरकार ने पूरे राज्य में 'डेंगू वॉर रूम' स्थापित किए हैं्।

सरकार द्वारा 10 जुलाई को जारी सर्कुलर में निर्देशित किया गया है कि इस कदम का उद्देश्य बीमारी के प्रभाव को कम करने के लिए डेंगू के मामलों की निगरानी और प्रबंधन को बढ़ाना है। ये वॉर रूम डेटा संग्रहण और स्थिति आकलन के लिए महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे, जिससे डेंगू संकट पर समन्वित और समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी। पिछले साल राज्य में कुल 19,300 मामले दर्ज किए गए थे। 2019 में सबसे ज़्यादा मौतें हुईं।

## खाड़ी श्रमिकों की कठिनाइयां हृदय विदारक : केटीआर

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री के टी रामाराव (केटीआर) ने खाड़ी श्रमिकों की कठिनाइयों पर गहरी चिंता व्यक्त की और उनकी स्थिति को हृदयविदारक बताया। रामाराव ने रविवार को प्रसाद लैब्स में स्वर्ण किलारी द्वारा लिखित पुस्तक 'मेका बटुकु' के लॉन्च के मौके पर दुबई जाने और श्रमिकों की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को देखने का अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा किया। उन्होंने टिप्पणी की,खाड़ी श्रमिकों की कठिनाइयों को सुनना और देखना दिल दहला देने वाला है।

## बैठक



बेंगलूरु में रविवार को विधान सौधा में कावेरी जल मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या , डीसीएम डीके शिवकुमार, विपक्ष के नेता आर अशोक, पूर्व सीएम डीवी सदानंद गौड़ा और अन्य।

# हैरी पॉटर चुराने से लेकर लेखक बनने तक, केरल के इस लड़के ने एक लंबा सफर तय किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोच्चि। वर्ष 2007 में 15-वर्षीय एक लड़के में कहानी सुनाने की अदम्य जिज्ञासा थी और शौक भी, तथा वह लड़का जे. के. राउलिंग की हैरी पॉटर एंड द डेथली हैलोज के प्रति अपना लोभ संवरण करने में असक्षम था। उस समय लगभग 900 रुपये की कीमत की यह किताब एक साधारण पृष्ठभूमि वाले छात्र की पहुंच से बाहर थी। पढ़ने के अपने जुनून और अपने दोस्तों की चुनौती से प्रेरित होकर रीज थॉमस ने एक स्थानीय किताब की दुकान से एक उक्त पुस्तक की एक प्रति चुरा ली थी। यह ऐसी गलती थी, जो उसके सपनों को शुरू होने से पहले ही खत्म कर सकती थी।

खैर, उस युवक की किशोरावस्था की गलती का गवाह बनी किताब की दुकान, 'न्यू कॉलेज बुक स्टॉल', 17 साल बाद अब गर्व से उसकी खुद की प्रकाशित कृति, नाइंटीज किड को प्रदर्शित करती है। थॉमस अब एक सफल लेखक और कई मलयालम फिल्मों के सहायक निर्देशक बन चुके हैं्। वह अपने अपराध स्थल पर लौटे, लेकिन फटकार पाने के लिए नहीं, बल्कि वह सब कुछ चुकाने के लिए, जो उन्होंने एक बार चुराया था। हालांकि, बुक स्टोर के मालिक देवदास ने घटनाओं के इस अद्भुत बदलाव को सकारात्मक तरीके से आत्मसात करते हुए लेखक की पुस्तक 'नाइंटीज किड' की हस्ताक्षरित प्रति के अलावा गलती की सजा के तौर पर कुछ और नहीं मांगा।

इस दिल को छू लेने वाली कहानी ने खुद राउलिंग का ध्यान आकृष्ट किया, जिन्होंने हाल ही में ट्विटर पर अपने मिले-जुले उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने युवक की गलती तो बताई, लेकिन इससे मिली खुशी का जश्न भी मनाया। जे. के. राउलिंग ने गत नौ जुलाई को सोशल मीडिया मंच पर 'एक्स' पर थॉमस से संबंधित एक लेख का लिंक साझा करते हुए पोस्ट किया, मुझे पता है कि इसे साझा करने से मुझ पर पुस्तक चोरी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया जाएगा, इसलिए कृपया पुस्तकें न चुराएं, पुस्तक चोरी करना बुरी बात है। बहरहाल, यह सबसे प्यारी चीज है और इससे मुझे वाकई बहुत खुशी हुई्। नाइंटीज किड' एक मई, 2024 को रिलीज हुई, जिसके बाद थॉमस ने उस बुक स्टॉल पर जाने का साहस जुटाया, जहां से उन्होंने 17 साल पहले राउलिंग की किताब चुराई थी। अब किताब का दूसरा संस्करण आ गया है। जाने-माने निर्देशक से अभिनेता बने बेसिल जोसेफ की बहन शिंसी ने थॉमस को किताब की रचना के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। थॉमस ने कहा, हैरी पॉटर ने हमारे बचपन को बहुत प्रभावित किया था, और धूम-2 (एक डकैती फिल्म शृंखला) ने मुझे स्टोर से किताब चुराने का साहस दिया।

उन्होंने कहा, जब मैं अगली बार वहां गया तो स्टोर के मालिक ने मुझे पकड़ लिया, लेकिन सबूतों के अभाव में वह मुझ पर कोई आरोप नहीं लगा सके। मैं बाल-बाल बच गया, लेकिन बाद में, मैं मालिक को पैसे लौटाना चाहता था, लेकिन वहां जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। जब मेरी किताब प्रकाशित हुई और वह वहां स्टैंड पर लगी थी, तो मैं एक दोस्त के साथ वहां गया। थॉमस के पास अब भी वह किताब है, जिसे उन्होंने 17 साल पहले चुराया था । उन्होंने यह किताब स्टॉल मालिक देवदास को दिखायी भी, जिन्होंने किताब के लिए भुगतान लेने से इनकार कर दिया। इसके बजाय उन्होंने थॉमस से स्टोर के लिए अपनी रचना पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा।

थॉमस ने बताया कि किताब उन सभी लोगों को जोड़ती है जो उस दौर में पैदा हुए थे जब जीवन में छोटी छोटी चीजों में ढेर सारी खुशियां होती थीं्। थामस 'पद्मिनी', 'लूका', 'कम्माटीपडम', 'कार्बन,' 'मिनाल मुरली' जैसी फिल्मों में सहायक निदेशक रहे हैं और कहते हैं, किताब प्रकाशित करवाना मेरा सपना था । अब मेरा अगला सपना फिल्म का निर्देशन करना है।

# रेड्डी ने सामाजिक मुद्दों से निपटने के लिए नैतिक मूल्यों, खेलों पर बल दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि प्रौद्योगिकी समाज में बढ़ती बुरी प्रवृत्तियों का कारण बन गई है और कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखकर हम कई समस्याओं को रोक सकते हैं्। शनिवार शाम यहां जेएनटीयू में छात्र स्वैच्छिक पुलिसिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि अगर हम समाज में समस्याओं की पहचान करें और उनका समाधान करें तो अवांछनीय परिणामों को रोका जा सकता है।



उन्होंने कहा कि बच्चों की मनोवैज्ञानिक कमजोरी का कारण यह है कि परिवार व्यवस्था तेजी से बिखर रही है जबकि संयुक्त परिवार बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत होने में मदद करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसिक रूप से मजबूत बच्चों को तैयार करने के लिए उन्हें सामाजिक पुलिसिंग और सामुदायिक पुलिसिंग सिखाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि विषयों को पढ़ाने के अलावा, स्कूल और कॉलेज के छात्रों को नैतिक पुलिसिंग में शामिल होने की आदत डालनी चाहिए्। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रबंधन बच्चों में व्यवहार परिवर्तन की निगरानी के लिए एक प्रणाली विकसित करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है और हर विधानसभा क्षेत्र में एक खेल स्टेडियम स्थापित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेगी।

उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में एनएसएस स्वयंसेवकों की तत्काल आवश्यकता है और पुलिस को तुरंत जानकारी प्रदान करने के लिए एक नेटवर्क विकसित करके राज्य को एक नशा मुक्त समाज के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार ने पहले ही मादक पदार्थों के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी है और उन्होंने सभी लोगों से राज्य को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से मुक्त रखने में मदद करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना संघर्षों और आंदोलनों के लिए जाना जाता है और इसे देश में नशा मुक्त राज्य होना चाहिए्। उन्होंने केरल की तर्ज पर सभी इंटर और डिग्री कॉलेजों में नैतिक पुलिसिंग पद्धति स्थापित करने का पुलिस को आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैतिक पुलिसिंग द्वारा सभी तरह की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। रेड्डी ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को समाज में सबसे अधिक जिम्मेदार माना जाता है और वे समस्याओं से भागते नहीं हैं बल्कि उनसे लड़ते हैं्।



# सेवा भाव से करें कार्य : बाबूलाल खराड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जनजाति एवं क्षेत्रीय विकास विभाग एवं डूंगरपुर जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को नीचे स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए ए जिससे हर पात्र लाभान्वित हो सकें। उन्होंने यह निर्देश प्रभारी सचिव राजेंद्र विजय की मौजूदगी में जिला परिषद के ईडीपी सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कि मंशा अनुरूप बजट घोषणाओं का टाइमलाइन निर्धारित करते हुए रूट चार्ट बनाकर कार्य किया जाएगा। इसमें कार्य की प्रकृति के आधार पर समय निर्धारित करते हुए उसे समय अवधि में पूर्ण करने के लिए समयसमय पर समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आप तक पहुंचता है तो उसकी जगह खुद को रखते हुए उस पीड़ा को महसूस करते हुए योजनाओं में उसकी पात्रता के अनुरूप उसका सहयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर समन्वित प्रयासों के साथ विकसित डूंगरपुर का सपना पूरा करेंगे।

बैठक के प्रारंभ में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री खराड़ी एवं प्रभारी सचिव राजेंद्र विजय का स्वागत करते हुए जिले में बजट घोषणाओं तथा पूर्व में की गई बजट घोषणा की अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

प्रभारी मंत्री खराड़ी ने बजट घोषणा को लेकर विभागवार अधिकारियों से एकएक कर अभी की गई घोषणाओं तथा पूर्व में की गई घोषणाओं और उसकी प्रगति के बारें में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों से टाइमलाइन निर्धारित करते हुए बजट घोषणाओं के कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री खराड़ी ने एवीएनएल विभाग से शुरुआत करते हुए 220 केवी तथा पादरडी बड़ी में 3311 केवी जीएसएस हेतु आवश्यक भूमि तथा उसके चिन्हकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली तथा संयुक्त टीम बनाते हुए भूमि हेतु मौका मुआयना कर चिन्हित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी कार्यालय में सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट, जिले में घरेलू एवं कृषि बिजली की सप्लाई के बारे में भी जानकारी ली।

जिला पुलिस अधीक्षक ने चिखली में नए पुलिस थाने हेतु एसएचओ को संयुक्त टीम के साथ जमीन के चिन्हीकरण के निर्देश दिए जाने के बात कही। डूंगरपुर में शिल्पग्राम निर्माण हेतु आयुक्त नगर परिषद ने थाणा ग्राम में उपखंड अधिकारी व तहसीलदार के साथ लगभग 40 बीघा जमीन हेतु मौका मुआयना करने तथा डीपीआर तैयार होने की जानकारी दी।

## जयपुर व झालावाड़ जिले में कई जगह भारी बारिश

जयपुर। मानसून की सक्रियता के चलते बीते चौबीस घंटे में राज्य के जयपुर, झालावाड़ व भरतपुर जिले में कई जगह भारी बारिश हुई। मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटों में राज्य में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्के से मध्यम स्तर की तथा जयपुर, झालावाड़ व भरतपुर जिले में कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान सबसे अधिक बारिश झालावाड़ के गंगधार में 87 मिलीमीटर, जयपुर के मौजमाबाद में 86 मिलीमीटर, भरतपुर के डीग में 66 मिलीमीटर तथा जोधपुर के ओसियां में 36 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं इस दौरान राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री जैसलमेर व बाड़मेर में दर्ज किया गया।

## ट्रेन आती देख पति-पत्नी ने रेलवे पुल से छलांग लगा दी, दोनों घायल

जयपुर। राजस्थान में पाली जिले के जोगमंडी रेलवे पुल पर फोटो शूट करवा रहे पति-पत्नी ट्रेन को आता देखकर घबरा गए और बचने के लिए उन्होंने करीब 90 फीट गहरी खाई में छलांग लगा दी। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सोजत रोड के पास हरियामाली निवासी राहुल मेवाड़ा (22) और उनकी पत्नी जाह्नवी (20) गोरमघाट घूमने आए थे। वे जोगमंडी पुल पर मीटर गेज रेलवे लाइन पर टहल रहे थे, तभी कामलीघाट रेलवे स्टेशन से मारवाड़ पैसेंजर ट्रेन आ गई। हालांकि, ट्रेन की गति धीमी थी और वह पुल पर रुक गई, लेकिन तब तक युगल घबरा कर पुल से नीचे कूद चुका था। रेलवे पुल के पास उनके दो रिश्तेदार भी मौजूद थे, लेकिन वे ट्रैक पर नहीं थे। वे फोटो और वीडियो क्लिक कर रहे थे, जबकि राहुल और जाह्नवी रेलवे ट्रैक पर चल रहे थे। युगल के पुल से कूदते समय का एक वीडियो भी सामने आया है। यह वीडियो घटना के समय रिश्तेदार के मोबाइल फोन में रिकार्ड हो गया।

ट्रेन के ड्राइवर और गार्ड ने पुल से उतरकर गंभीर रूप से घायल दंपत्ति को उठाया और उन्हें फुलाद रेलवे स्टेशन ले गए। वहां से एंबुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।



# बजट घोषणाओं को पूरा करने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें : बेढम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य मंत्री गृह, गोपालन, पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि बजट घोषणा 2024-25 को समयबद्ध पूर्ण करने एवं नियमित मॉनिटरिंग कर समस्त अधिकारी व कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें जिससे राज्य सरकार के द्वारा जिले में की गई घोषणाऐं समय पर पूर्ण हो सके। जिला प्रभारी मंत्री रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणा संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने जिले में बजट घोषणा के अंतर्गत सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति, जमीन आवंटन, शिलान्यास, वित्तीय स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति सहित अन्य कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके अलावा सीएमएचओं को सपोटरा सीएचसी को उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, मंडरायल भवन को राशि स्वीकृत करने, गुडला उप स्वास्थ्य केन्द्र को पीएचसी मे क्रमोन्नत करने के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को रोंडकला में 33/11 केवी संबधी कार्य करने, कुडगांव मे 132 केवी जीएसएस निर्माण कार्य सहित अन्य घोषणाएं करौली-सवाई माधोपुर-गंगापुर सिटी-चंबल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना, करौली हिण्डौन फोरलेन एवं पुल बाईपास हेतु समय पर डीपीआर बनाने, श्रीमहावीरजी में खेडा नादौती मार्ग पर 25 करोड़ से नवीन पुल का निर्माण करवाने, कैलादेवी में बाईपास, चौडागांव-जोडली-बूकना आदि में सड़क निर्माण सहित अन्य कार्यो को समय पर पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में जिला प्रभारी सचिव आशुतोष ए.टी. पेडणेकर ने बजट घोषणा संबंधी कार्यो मे जमीन आवंटन संबंधित कार्यो को समय पर पूर्ण करने, समय पर कार्य आदेश जारी करने, समयसमय पर मॉनिटरिंग करने, गुणवत्ता का ध्यान रखने एवं बजट घोषणा संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु जिला एवं राज्य स्तर पर अवगत कराने के निर्देश दिये जिससे कि समस्या का समाधान किया जा सके। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने राज्य सरकार के द्वारा की गई बजट घोषणाओं को समय सीमा में पूर्ण करने का आश्वासन दिया। बैठक में विधायक करौली दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीना सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वागत



उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को राजसमंद जिले के नाथद्वारा पहुँच कर प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन किए। श्री कृष्ण भंडार अधिकारी सुधाकर शास्त्री ने उप मुख्यमंत्री का मंदिर परंपरा अनुसार समाधान पद्धति से स्वागत सत्कार किया। उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन कर प्रदेश के सर्वांगीण कल्याण और खुशहाली की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीयजन, कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

## पति पत्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

जयपुर। राजस्थान के डीग जिले के सीकरी थाना क्षेत्र में एक दंपती ने पंखे से लटकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इसकी जानकारी दी । पुलिस उपनिरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि बुडली गांव में नेमीचंद (22) और उसकी पत्नी सोनिया (20) के शव शनिवार सुबह कमरे में पंखे से लटके पाए गये, कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक का उसके भाई से मनमुटाव होने का पता चला है जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जब मुख्यमंत्री के लिए मेरा नाम बोला गया तो मुझे भी समझ में नहीं आया कि यह क्या हुआ : शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और वह अपने कार्यकर्ताओं का ख्याल रखती है। मुख्यमंत्री ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले साल पार्टी के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जब मुख्यमंत्री पद के लिए उनके नाम की घोषणा की गई, तो वह कुछ समय के लिए स्थिति को समझ नहीं सके। शर्मा शनिवार को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुये कहा मैं एक छोटा सा कार्यकर्ता आप सभी के बीच में से आया हूं जब विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद के लिये मेरा नाम पुकारा गया तो.... तो एक बार तो मेरी समझ में भी नहीं आया इसलिए मैं आप सभी से कहना चाहता हूं कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं का ख्याल रखती है और उनका काम पार्टी की नजर में रहता है। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ता सर्वोच्च है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पार्टी संकल्प पत्र में किये गये सभी वादों को समयबद्ध तरीके से लागू करेगी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने कहा कि जब बूथ मजबूत होगा तो पार्टी का भविष्य भी मजबूत होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर काम कर पार्टी के नये सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

## जिनदत्तसूरि महाराज का 870 वां स्वर्गारोहण समारोह 16 व 17 को

अजमेर। राजस्थान में अजमेर श्वेताम्बर जैन समाज के खरतरगच्छाचार्य युगप्रधान दादागुरु जिनदत्तसूरि जी महाराज का 870 वां स्वर्गारोहण समारोह 'दादा मेला' के रूप में 16 एवं 17 जुलाई को दादाबाड़ी में मनाया जायेगा। जिनदत्तसूरि मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र लूणियां एवं प्रवक्ता रिखब सुराणा ने संयुक्त रूप से आज यहां पत्रकारों को बताया कि दो दिवसीय दादा मेला धार्मिक रस्मों के साथ परम्परागत तरीकें से मनाया जायेगा । दादा मेला का पुर्णाज्यक कांकरिया परिवार रहेगा। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई को भगवान पार्श्वनाथ व दादागुरु की प्रक्षाल पूजा के बाद ध्वजारोहण के साथ मेले का शुभारंभ होगा। दादागुरु का गुणानुवाद सभा तथा साध्वी मनोहर श्रीजी महाराज सा के प्रवचन तथा दोपहर में भगवान पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजा आयोजन होगा। रात्रि में भजन संध्या इन्दौर की लवेश बुरड़ पार्टी एवं जयपुर से डा. सीमा दपतरी के होंगे। बुधवार यानी 17 जुलाई को दूसरे दिन सामूहिक भक्तामर स्त्रोत, दादागुरु इकतीसा पाठ व भव्य शोभायात्रा, गुरु शिखर पर ध्वजारोहण एवं गुरु देव की बड़ी सामूहिक पूजा होगी। उन्होंने बताया कि दादा मेले में देश के विभिन्न राज्यों से धर्म प्रेमी आएंगे।

## खान विभाग की बजट घोषणाओं से खनिज खोज व खनन को मिलेगी नई दिशा

उदयपुर। खान एवं भूविज्ञान विभाग की सचिव श्रीमती आनन्दी ने कहा है कि विभागीय बजट घोषणाओं की रोडमैप बना कर मिशन मोड़ पर क्रियान्विति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माइंस सेक्टर के सभी पहलूओं का समावेश करते हुए बजट घोषणाएं की गई है और इससे प्रदेश में खनिज खोज-खनन कार्य को नई दिशा मिलेंगी व राजस्व व रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। खान सचिव श्रीमती आनन्दी ने यहां बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में दिशानिर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं को तीन भागों में चिन्हित किया गया है। एक वह घोषणाएं जिनके क्रियान्वयन पर वित्तीय भार नहीं पड़ेगा और विभागीय स्तर पर ही परीक्षण कर प्रशासनिक एवं विधिक आदेष जारी किए जा सकते हैं। दूसरी वह घोषणाएं जिनके लागू करने पर सरकार पर वित्तीय भार तो नहीं पड़ेगा पर वित व कार्मिक आदि अन्य विभागों से सहमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि तीसरी श्रेणी में वह घोषणाएं हैं जिनको लागू करने पर सरकार पर वित्तीय भार पड़ेगा। श्रीमती आनन्दी ने कहा कि तीनों श्रेणियों की सभी घोषणाओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई तत्काल शुरु की जाए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा में सीएनजी पर वैट कम करने की घोषणा का क्रियान्वयन करते हुए आरएसजीएल के स्टेशनों पर कल रात से ही सीएनजी की दरों को कम कर बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन शुरु कर दिया है।



# सभी प्रदेशवासी अधिकाधिक वृक्षारोपण करें : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। 'एक पेड़ मां के नाम' सघन वृक्षारोपण अभियान 2024 के तहत शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग के केबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को जोधपुर जिले के उम्मेद उद्यान परिसर में वृक्ष पूजन कर वृक्षारोपण किया।

इस दौरान उन्होंने मियावाकी तकनीक पर विकसित वाटिका का अवलोकन किया।

इस अवसर पर मदन दिलावर ने कहा जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से पृथ्वी मां पर जीवन रक्षा के लिए वृक्षों का महत्त्व स्वयंसिद्ध है। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक वृक्ष लगाने से तापमान में कमी आएगी, वर्षा की मात्रा में वृद्धि होगी, प्राणवायु ऑक्सीजन में वृद्धि होगी। दिलावर ने समस्त प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करें और पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में अपना योगदान दें।



## अविनाश गहलोत ने चुरू में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के दिए निर्देश

जयपुर/दक्षिण भारत । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री व चुरू जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा है कि प्रदेश की संवेदनशील सरकार की मंशानुरूप चूरू के लिए हुई बजट घोषणाएं इसी वित्तीय वर्ष धरातल पर उतरेंगी। प्रदेश सरकार राजस्थान के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रभारी मंत्री गहलोत रविवार को जिला परिषद सभागार में बजट घोषणाओं की समयबद्ध व त्वरित क्रियान्विति के लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा करते हुए हम प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित हैं। केन्द्र सरकार की मध्यस्थता से राजस्थान व हरियाणा सरकार के मध्य हुए यमुना जल समझौता से शीघ्र ही चूरू की जनता को पानी मिलेगा।



# जन आकांक्षाओं पर शत-प्रतिशत खरा उतरेगा लोक कल्याणकारी बजट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर करने वाले बजट में राज्य सरकार ने हर वर्ग हर तबके के लिए सौगातें दी हैं। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की संकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में महिला, युवा, किसान तथा गरीब सहित सभी वर्गों को संबल दिया गया है, जिससे विकसित राजस्थान के सपने को मूर्त रुप मिल सकेगा। बजट घोषणाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति बनाकर सभी घोषणाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा।

पटेल ने यह बात रविवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी की सिद्धि की दिशा में आगे बढ़ते हुए जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने की इच्छाशक्ति हमने संकल्प पत्र में अभिव्यक्त की थी, उन वादों को पूरा करने के मजबूत इरादों की झलक इस बजट में देखने को मिली है। जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने प्रेस वार्ता से पहले जिला कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। जिला प्रभारी सचिव श्रीमती अपर्णा अरोड़ा की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में बजट घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जोगाराम पटेल ने बजट घोषणाओं पर विभागीय अधिकारियों से बिन्दुवार कार्ययोजना एवं कार्यप्रगति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं की समयबद्ध, त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित करने के लिए भी निर्देशित किया।

बैठक के बाद प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल सहित विधायकगणों एवं प्रभारी सचिव श्रीमती अपर्णा अरोड़ा ने जिला कलक्ट्रेट परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक भावनात्मक पहल है जो कि वनावरण को बढ़ाने के साथ साथ जैव विविधता संवर्द्धन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

आयोजन में जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, किशनपोल विधायक अमीन खान, आदर्श नगर विधायक रफीक खान, जमवारामगढ़ विधायक महेन्द्रपाल मीणा, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला, चाकसू विधायक रामवतार बैरवा, शाहपुरा विधायक मनीष यादव फुलेरा विधायक विद्याधर चौधरी, जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, जयपुर ग्रेटर नगर निगम आयुक्त श्रीमती रुकमणी रियार, जयपुर हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद डॉ. शिल्पा सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीमती प्रीति चन्द्रा, पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण शांतनु कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) श्रीमती अल्का विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) श्रीमती सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) श्रीमती शैफाली कुशवाह सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य सरकार आमजन को हर क्षेत्र में लाभ पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है : देवासी

जयपुर। बजट घोषणा 2024-25 के कार्यों का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ रविवार को ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को हर क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच के अनुरूप वर्तमान राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 के तहत आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए झालावाड़ जिले के लिए विभिन्न क्षेत्रों में घोषणाएं करते हुए कई सौगातें दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप उक्त बजट घोषणाओं का शीघ्र क्रियान्वयन कराना हमारा लक्ष्य है। हम सभी को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के समयबद्ध तरीके से सफल क्रियान्वयन के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन बजट घोषणाओं में भूमि की आवश्यकता है उनके लिए आगामी 7 दिनों में भूमि चिन्हीकरण कर जिला प्रशासन को आवंटन के लिए प्रस्ताव भिजवाएं।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, सहकारिता एवं कृषि विपणन तथा पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित बजट घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।



# भाजपा कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में 'बैकफुट' पर आने की आवश्यकता नहीं : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में 'बैकफुट' पर आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आपने अपना काम बखूबी किया है।

यहां डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विवि के आंबेडकर सभागार में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा, आप (भाजपा कार्यकर्ता) विपक्ष में थे तो जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए संघर्ष करते थे, अब जब सरकार में हैं तो उत्तर प्रदेश में सुरक्षित वातावरण देख रहे हैं। याद कीजिए मोहर्रम के समय में सड़कें खाली हो जाती थीं और आज जब मोहर्रम होता है तो पता भी नहीं चलता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ''ताजिया के नाम पर घर तोड़े जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे, सड़कों के तार हटाए जाते थे। आज कहा जाता है कि गरीब की झोपड़ी नहीं तोड़ेंगे, तार नहीं तोड़ेंगे। हमारा स्पष्ट तौर पर निर्देश है कि पर्व और त्योहार मनाना है तो नियमों के अंतर्गत मनाओ, वरना घर बैठ जाओ। इससे पहले उन्होंने लोस चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता न मिलने की वजहों पर प्रकाश डालते हुए कहा, जब हम आत्मविश्वास में होते है कि हम तो जीत ही रहे हैं तो स्वाभाविक रूप से कहीं न कहीं हमें खामियाजा भुगतना ही पड़ता है। प्रदेश में लोस की 80 सीटों में भाजपा को इस बार 33 सीट पर जीत मिली जबकि विपक्षी सपा ने 37 और उसकी सहयोगी कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा के सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल को दो और अपना दल (एस) को सिर्फ एक सीट पर जीत मिली जबकि अकेले मैदान में उतरे आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद नगीना सीट पर जीत गए। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के नेतृत्व वाली बसपा का खाता नहीं खुला। कार्यसमिति बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में 10 सीटों पर होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी को अभी से सक्रिय होना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा सांसद के साथ ही विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन और पार्षद सभी लोग आज से ही 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं, हमें एक बार फिर प्रदेश में भाजपा का परचम लहराना है।

# विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीट जीतने का संकल्प लें भाजपा कार्यकर्ता : भूपेन्द्र चौधरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने रविवार को कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा उपचुनाव में सभी 10 सीट पर जीत हासिल करने का संकल्प लेने का अनुरोध किया।

रविवार को यहां डॉ. राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के आंबेडकर सभागार में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक की एक दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र में अध्यक्ष के तौर पर अपने संबोधन में चौधरी ने कहा कि ''आइये हम सब मिलकर संकल्प लें कि 10 विधानसभा सीट पर होने वाले आगामी उपचुनावों में शत-प्रतिशत विजय हासिल करेंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा के एक सदस्य को आपराधिक मामलों में अदालत से सजा सुनाए जाने और नौ सदस्यों के हालिया लोकसभा चुनाव में सांसद निर्वाचित होने के बाद राज्य की 10 सीट पर उपचुनाव होना है। हालांकि अभी उप चुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है।

उत्तर प्रदेश की करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, मीरापुर, फूलपुर, मझवां और सीसामऊ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। हालांकि अभी उपचुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं की गई है। सीसामऊ विधानसभा सीट समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक इरफान सोलंकी के आपराधिक मामले में जेल जाने के बाद उनकी सदस्यता रद्द होने के कारण रिक्त हुई है,जबकि अन्य नौ सीट विधायकों के सांसद बनने से खाली हुई हैं। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी समेत कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ''अगली लड़ाई स्वार्थी परिवारवादियों और मोदी के परिवार, राष्ट्र विरोधियों और राष्ट्र भक्तों, धर्म और अधर्म, तुष्टीकरण और संतुष्टीकरण, भ्रष्टाचारियों और सदाचारियों के बीच है। इससे पहले चौधरी ने कार्यकर्ताओं के लिए लक्ष्य तय करते हुए कहा, हम सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर घर-घर प्रत्येक मतदाता तक जाएंगे, अपनी सरकार के अंत्योदय योजनाओं का प्रचार करेंगे और विपक्ष के झूठ व अफवाहों का पर्दाफाश करेंगे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ''मैं अध्यक्ष के रूप में आपको आश्वस्त करता हूं कि कार्यकर्ता का सम्मान हमारी प्राथमिकता है, हमने अपने जीवन काल में कार्यकर्ता आधारित संगठन को आगे बढ़ाने का काम किया है। अपने कार्यकर्ता के सम्मान को लेकर हमने कोई समझौता नहीं किया। पार्टी अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। चौधरी ने कहा, 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) के संकल्प को हम सभी कार्यकर्ता पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# लोकसभा चुनाव के परिणाम प्रयासों के बावजूद हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे : केशव प्रसाद मौर्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हाल के लोकसभा चुनावों में भाजपा को अपेक्षित परिणाम न मिलने पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को कहा कि 2024 में कार्यकर्ताओं के प्रयासों के बावजूद नतीजे हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे। मौर्य ने यह भी कहा कि संगठन सरकार से बड़ा था, बड़ा है और हमेशा बड़ा रहेगा और मैं उपमुख्यमंत्री बाद में हूं, पहले कार्यकर्ता हूं।

रविवार को यहां डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के आंबेडकर सभागार में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक को संबोधित करते हुए मौर्य ने कहा, हम कार्यकर्ताओं ने 2014 में मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) की सरकार बनाने में योगदान दिया। वर्ष 2017 में प्रदेश में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार, 2019 में फिर मोदी जी की सरकार और 2022 में योगी जी (योगी आदित्यनाथ) के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। हालांकि वर्ष 2024 में हमारे प्रयासों के बावजूद परिणाम हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे। मौर्य ने कहा, सपा और कांग्रेस ने झूठ और फरेब कर थोड़े समय के लिए हमें पीछे किया है, लेकिन 2027 में फिर से 300 पार के लक्ष्य के साथ प्रदेश में भाजपा सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं का भाव हनुमानजी जैसा है। ये थोड़े समय के लिए सपा-कांग्रेस के झूठ और फरेब के कारण अपनी शक्ति को भूले हैं। 2027 में ये दोबारा अपने सामर्थ्य से विपक्षी गठजोड़ को पराजित करेंगे और साबित करेंगे कि भाजपा अपराजेय है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय हम यह नहीं सोच सकते थे कि केंद्र में भाजपा अकेले के दम पर सरकार बना सकती है, 2014 में कार्यकर्ताओं ने इस मिथक को तोड़ा, 2019 में प्रदेश में सपा-बसपा गठबंधन को पराजित कर मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई।

## ताजमहल के ऊपर मंडराते ड्रोन का वीडियो वायरल, संयुक्त जांच समिति करेगी पड़ताल

**आगरा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील ताजमहल के ऊपर एक ड्रोन के उड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। ताजमहल के 500 मीटर के आसपास का इलाका उड़ान निषिद्ध क्षेत्र (नो फ्लाइंग जोन) है।

वीडियो रविवार सुबह छह बजे का बताया जा रहा है, हालांकि सुरक्षा के लिए लगे पुलिस के सीसीटीवी कैमरे में यह ड्रोन कहीं नजर नहीं आ रहा है, ऐसे में आशंका है कि किसी व्यक्ति ने इस ड्रोन का उपयोग यमुना के दूसरी ओर से ताजमहल क्षेत्र में किया है।

इस मामले की जांच करने के लिए ताजमहल की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ और पुलिस अधिकारियों की एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है। टीम ताजमहल के आसपास के होटलों में तलाश अभियान चला कर ड्रोन उड़ाने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है। वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद एसीपी (ताज सुरक्षा) अरीब अहमद ने आशंका जताई कि यह वीडियो पुराना भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि उन्हें ताजमहल के ऊपर ड्रोन उड़ने की सूचना मिली है, जिसके बाद जांच के लिए संयुक्त टीम का गठन किया गया है।

# 'जलवायु बजट' और वन संरक्षण योजना पर ध्यान केंद्रित कर रहा मेघालय : मुख्यमंत्री संगमा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मेघालय के प्रचूर हरित क्षेत्र के समक्ष जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए खतरे के अलोक में प्रदेश के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा है कि उनका राज्य वैश्विक तापमान वृद्धि से निपटने के लिए संबंधित कार्य योजना में संशोधन करते हुए समर्पित जलवायु बजट एवं महत्वाकांक्षी वन संरक्षण योजना पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

मेघालय देश के उन कुछ राज्यों में शामिल है, जिसने 2024-25 में स्थिरता और संरक्षण पहलों के लिए कुल राज्य बजट का 16 प्रतिशत - 4,501 करोड़ रुपए - निर्धारित किया है। यह वर्ष 2022-23 के 2,456 करोड़ रुपए और 2023-24 के 3,412 करोड़ रुपए से अधिक है। राष्ट्रीय राजधानी के दौरे पर आए संगमा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमें लगता है कि जलवायु परिवर्तन जीवन और शासन के हर क्षेत्र को प्रभावित करता है। इसलिए यह न केवल मेरी सरकार के लिए, बल्कि सभी सरकारों के लिए भी महत्वपूर्ण है कि वे बेहतर भविष्य के लिए जलवायु परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करें। यह दृष्टिकोण नए जलवायु अनुकूलन लक्ष्यों और क्षेत्रीय जलवायु जोखिम शमन रणनीतियों के साथ जलवायु परिवर्तन पर राज्य कार्य योजना (एसएपीसीसी) के संशोधन को आकार देने में मदद कर रहा है।

भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार, मेघालय की कुल भूमि का 76 प्रतिशत भाग वन क्षेत्र के अंतर्गत है।

## मेरठ में साधुओं की पिटाई का वीडियो वायरल, तीन आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मेरठ (उप्र)/भाषा।** मेरठ में कुछ साधुओं की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने रविवार को बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग साधुओं को पीटते नजर आ रहे हैं, वह वीडियो लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के प्रह्लाद नगर इलाके का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुनीत, मिक्की और सुधांशु नामक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, तीनों लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस मामले में और नाम सामने आएंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि उन्हें लगा था कि वे साधु नहीं बल्कि बच्चा चोर हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उत्तर प्रदेश के भदोही में पुलिस दल पर हमले के मामले में तीन महिलाओं समेत कुल 11 लोग गिरफ्तार

**भदोही/भाषा।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में एक विवाह समारोह में शराब पीकर अराजकता फैलाए जाने की सूचना मिलने पर वहां पहुंची पुलिस की टीम पर भीड़ ने हमला करने के मामले में तीन महिलाओं समेत कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि शनिवार शाम पुलिस को वाराणसी के चौबेपुर से भदोही के महजूदा गांव की चौहान बस्ती में आई एक बारात में वर और वधु पक्ष के लोगों द्वारा शराब पीकर मारपीट और हंगामा किए जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां शराब के नशे में कई लोग सड़क पर इधर-उधर लेटे मिले। उन्होंने बताया, पुलिस टीम ने जब उन लोगों को सड़क से हटाने की कोशिश की तो उन्होंने शोर मचाते हुए कहा कि पुलिस उनसे मारपीट कर रही है। इस पर वर वधु पक्ष के लोग भड़क गए और उन्होंने पुलिस दल पर हमला करके तीनों पुलिसकर्मियों राधेश्याम, विकास और अवधेश पाठक की पिटाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा, भीड़ से घिरे तीनों पुलिस कर्मियों ने जान बचाकर भागने की कोशिश की तो भीड़ ने लाठियों से प्रहार कर उनकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और कुछ देर तक पीछा करते हुए पथराव किया। एक पुलिसकर्मी ने नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया, जिसके बाद पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में 10 नामजद तथा 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ शनिवार देर रात मुकदमा दर्ज किया गया और तीन महिलाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# राहुल गांधी अक्सर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा देते हैं : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या के प्रयास के बाद राहुल गांधी को निशाना बनाया और विपक्ष के नेता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ हिंसा को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया।

भाजपा के सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्रम्प पर हमले की गांधी द्वारा निंदा किए जाने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उनके शब्दों में गंभीरता का अभाव है। उन्होंने कहा, तीसरी बार फेल हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को अक्सर प्रोत्साहित किया है और उन्हें जाए ठहराया है। भारत कैसे भूल सकता है कि कांग्रेस के नेतृत्व में पंजाब पुलिस ने जानबूझकर प्रधानमंत्री की सुरक्षा से समझौता किया था, जब उनका काफिला एक फ्लाईओवर पर फंसा हुआ था। मालवीय ने राहुल गांधी के पूर्व के कुछ बयानों को जोड़कर तैयार किए गए एक वीडियो को साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने मोदी के खिलाफ 'तानाशाह' जैसी बयानबाजी की है और ट्रम्प के आलोचक डेमोक्रेट नेता और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी यही करते हैं।

हत्या के प्रयास के बाद ट्रम्प के कई समर्थकों ने आरोप लगाया है कि उनके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा उन्हें (ट्रम्प को) बदनाम किए जाने से उनके खिलाफ नफरत का माहौल पैदा हो गया है। मालवीय ने कहा कि ट्रम्प के आलोचकों ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र (ट्रम्प की वजह से) खतरे में है। उन्होंने इसकी तुलना भारत के विपक्ष के मोदी के खिलाफ 'संविधान खतरे में है' को लेकर बनाए गए विमर्श से की। मालवीय ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र वैश्विक वाम दलों के हमले से बच गया और मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए वापस आ गए।

## दुनिया भर में कट्टरपंथी वामपंथी, दक्षिणपंथी नेताओं को निशाना बना रहे हैं : शर्मा



**गुवाहाटी/भाषा।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि दुनिया भर में दक्षिणपंथी नेताओं को कट्टरपंथी वामपंथियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। ट्रंप (78) शनिवार को उस समय बाल-बाल बच गए जब अमेरिका के पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली में एक हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं। एक गोली ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी, लेकिन उनकी हालत ठीक है। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दुनिया भर में दक्षिणपंथी नेता अब कट्टरपंथी वामपंथियों के निशाने पर हैं। हालांकि, ये हमले 'राष्ट्र प्रथम' विचारधारा को हराने में सक्षम नहीं होंगे। 'स्टैंड विद ट्रंप, नेशन फर्स्ट' टैग के साथ मुख्यमंत्री ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप के लिए शुभकामनाएं हैं, क्योंकि वह मजबूती से खड़े हैं। गोलीबारी की इस घटना में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अमेरिका की 'सीक्रेट सर्विस' के एक कर्मी ने 20 वर्षीय हमलावर को मार गिराया।

## भारतीय मुक्केबाजी में ओलंपिक पदक का रंग बदलना चाहता हूं : निशांत देव



**नई दिल्ली/भाषा।** आत्मविश्वास से लबरेज मुक्केबाज निशांत देव की निगाहें इस महीने पेरिस ओलंपिक में भारत के मुक्केबाजी पदकों के रंग को कांसे से बदलकर स्वर्ण में करने पर लगी हैं। भारत के लिए तीन मुक्केबाज विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकॉम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2021) ने ओलंपिक पदक जीते हैं जिसमें सभी का रंग कांस्य पदक रहा है। लेकिन देव को भरोसा है कि उनके पास लाइट मिडिलवेट (71 किग्रा) वजन फाइनल तक पहुंचने की काबिलियत है और वह स्वर्ण पदक जीतने का भी माद्दा रखते हैं। 'जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स' द्वारा कराई बातचीत के दौरान देव ने कहा,''मेरा लक्ष्य मुक्केबाजी में मिले पदकों का रंग बदलना है। हमारे देश के मुक्केबाजों ने अब तक कांस्य पदक जीते हैं, पर स्वर्ण और रजत पदक नहीं जीत सके हैं। देव ने कहा, मैं कांस्य को रजत नहीं बल्कि स्वर्ण में बदलना चाहता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि मैं यह उपलब्धि हासिल कर सकता हूं। मेरी ट्रेनिंग अच्छी रही है। अंत में यह भगवान पर निर्भर करता है। यह मुक्केबाज 2021 में पहली बार विश्व चैम्पियनशिप में क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर सुर्खियों में आया।

## असम में 17.5 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त, चार तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के विभिन्न हिस्सों से करीब 17.5 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की गई है और चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

असम पुलिस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) प्रणबज्योति गोस्वामी ने एक बयान में कहा कि गोलाघाट जिले में दो अलग-अलग स्थानों से 1.732 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम ने रविवार को उरीअमघाट पुलिस थाना क्षेत्र के राजाफुकुरी इलाके में एक घर पर छापा मारा। गोस्वामी ने बताया कि 13 ग्राम हेरोइन से भरा एक साबुन का डिब्बा जब्त किया गया और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया, पकड़े गए दोनों व्यक्तियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि पास में ही स्थित अपनी बहन के घर में उन्होंने और अधिक हेरोइन छिपाई है, जिसके बाद उस घर पर भी छापा मारा गया और 1.72 किलोग्राम हेरोइन से भरे 140 साबुन के डिब्बे जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि अभियान में जब्त की गई हेरोइन का कुल वजन लगभग 1.73 किलोग्राम था जिसकी कीमत लगभग 15 करोड़ रुपए है। गोस्वामी ने बताया कि एक अन्य घटना में एसटीएफ की एक टीम ने शनिवार रात गुवाहाटी के कटहबारी इलाके में छापेमारी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से करीब 308 ग्राम हेरोइन जब्त की।



# असम में बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार, तेजी से घट रहा जलस्तर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार जारी रहा और पूरे प्रदेश में जलस्तर तेजी से घट रहा है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। गुवाहाटी स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने भी बराक घाटी और मध्य असम के कुछ जिलों में बारिश की भविष्यवाणी के अलावा कोई चेतावनी जारी नहीं की है।

शनिवार की रात असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की रिपोर्ट के अनुसार धेमाजी जिले के गोगामुख राजस्व सर्कल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस साल बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने जैसी घटनाओं से कुल 107 लोगों की मौत हो चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर और दक्षिणी सलमारा जिलों में बाढ़ से 8,40,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि कछार सबसे अधिक प्रभावित है, जहां लगभग डेढ़ लाख लोग बाढ़ से पीड़ित हैं, इसके बाद धुबरी में लगभग 1.27 लाख लोग और नागांव में 88,500 से अधिक लोग बाढ़ से पीड़ित हैं।

प्रशासन 13 जिलों में 221 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहा है, जिसमें 72046 विस्थापित लोगों की देखभाल की जा रही है। अधिकारियों ने पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के बाढ़ पीड़ितों को 616.49 क्विंटल चावल, 111.65 क्विंटल दाल, 32.16 क्विंटल नमक और 2,956.25 लीटर सरसों तेल वितरित किया है। एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में 1705 गांव जलमग्न हैं और पूरे असम में 39,898.92 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र क्षतिग्रस्त हो गया है।

# भारत ने जिंबाब्वे को 42 रन से हराया, श्रृंखला 4-1 से जीती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हरारे/भाषा।** संजू सैमसन के अर्धशतक के बाद मुकेश कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने रविवार को जिंबाब्वे को 5वें टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर लगातार चौथी जीत के साथ श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की।

भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम मुकेश (22 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 125 रन पर सिमट गई। शिवम दुबे (25 रन पर दो विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए जबकि वाशिंगटन सुंदर (सात रन पर एक विकेट), अभिषेक शर्मा (20 रन पर एक विकेट) और तुषार देशपांडे (25 रन पर एक विकेट) को एक-एक विकेट मिला। जिंबाब्वे की ओर से डियोन मायर्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज ताडिवनाशे मरूमानी और फराज अकरम ने 27-27 रन का योगदान दिया। सैमसन ने इससे पहले 45 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से 58 रन की पारी खेलने के अलावा रियान पराग (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े जिससे भारत ने छह विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। दुबे ने अंत में 12 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिंबाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 19 रन देकर दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिंबाब्वे की शुरुआत खराब रही। वेस्ली माधेवेरे (00) मुकेश की पारी की तीसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। ब्रायन बेनेट (10) ने देशपांडे का स्वागत लगातार दो चौकों के साथ किया लेकिन मुकेश के अगले ओवर में डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर दुबे को आसान कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज मरूमानी ने मुकेश पर लगातार दो चौके जड़े। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगली गेंद पर बोल्ड हो गया लेकिन वह नोबॉल हो गई। मरूमानी ने रवि बिश्नोई पर दो चौके मारे जबकि इसी ओवर में मायर्स ने भी गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। जिंबाब्वे ने पावर प्ले में दो विकेट पर 47 रन बनाए। सुंदर ने मरूमानी को पगबाधा करके जिंबाब्वे को तीसरा झटका दिया। मायर्स ने स्पिनर अभिषेक पर छक्का और चौका मारा लेकिन दुबे की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर अभिषेक को ही आसान कैच दे बैठे।



## सुविचार

**अवसर और सूर्योदय में एक ही समानता है, देर करने वाले, इन्हें हमेशा खो देते हैं।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# 'महाशक्ति' की गंभीर विकृतियां

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक चुनावी रैली में किया गया हमला उनकी सुरक्षा में बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। हालांकि संदिग्ध हमलावर को सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि दुनिया के 'सबसे शक्तिशाली' देश की एजेंसियां यह कैसे नहीं भांप पाईं कि पूर्व राष्ट्रपति (जो एक बार फिर सर्वोच्च पद तक पहुंचने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं) पर कातिलाना हमला होने वाला है? कहा तो यह जाता है कि अमेरिका अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों से लेकर सागर की गहराइयों तक, हर जगह नजर रखता है! इसके बावजूद एक युवक बंदूक लेकर चला गया और उसने रैली स्थल से कुछ ही दूरी से पूर्व राष्ट्रपति को निशाना बनाने की कोशिश की। अमेरिका में 'गन कल्चर' है और बड़ी संख्या में लोग हथियार रखते हैं। वे इसे शानो-शौकत का प्रतीक मानते हैं। दुनिया के 'सबसे शक्तिशाली' देश में लोगों को किससे भय है? अतीत में कई बुद्धिजीवियों ने आवाज उठाई थी कि इस चलन को नियंत्रित किया जाए, हथियार रखने के नियमों को सख्त किया जाए। हथियार खरीदना जितना आसान है, उससे कहीं ज्यादा मुश्किल है उसे संभाल पाना। अमेरिका में कई बार देखा गया है कि लोगों ने आवेश में आकर हथियारों से बड़ी तबाही मचाई। वहां स्कूल, मॉल, रेस्टोरेंट, क्लब और सार्वजनिक स्थानों पर गोलीबारी की घटनाओं में बहुत लोग जान गंवा चुके हैं। आपसी रंजिश, रिश्तों में कड़वाहट या मानसिक तनाव भी भयावह गोलीकांड की वजह बन चुका है। इस 'गन कल्चर' के खिलाफ जब भी आवाजें उठीं, डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें खारिज किया। वे इस बात की हिमायत करते रहे कि अगर कोई व्यक्ति बंदूक जैसे हथियार खरीदने की क्षमता रखता है तो उसे खरीदना चाहिए।


प्यू रिसर्च के आंकड़े भी यही बताते हैं कि अमेरिकी समाज में 'गन कल्चर' काफी जड़ें जमा चुका है। अमेरिका के 10 में से 4 वयस्कों ने माना है कि वे ऐसे घरों में रहते हैं, जहां बंदूक है। जिनके घरों में एक बंदूक है, उनका आंकड़ा कम से कम 42 प्रतिशत है। ऐसे लोग 11 प्रतिशत हैं, जिनके पास अपनी कोई बंदूक नहीं है, लेकिन वे जिसके साथ रहते हैं, वह बंदूक रखता है। लगभग 48 प्रतिशत अमेरिकी वे हैं, जो ऐसे घरों में बड़े हुए, जिनमें एक बंदूक जरूर थी। वहीं, ऐसे लोगों की संख्या लगभग 72 प्रतिशत है, जिन्होंने अपने जीवन में कम से कम एक बार गोली जरूर चलाई। कई अमेरिकी यूट्यूबर हैं, जो अपने वीडियो में सिर्फ गोलियां चलाकर निशाना लगाते दिखाई देते हैं और उनके लाखों प्रशंसक हैं। एक राष्ट्र के रूप में अमेरिका का बंदूकों से गहरा संबंध है। अमेरिकी समाज के ताने-बाने में शामिल बंदूकें कई लोगों के लिए गर्व का विषय बनी हुई हैं। चाहे शिकार के लिए, खेल शूटिंग के लिए या व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए, अधिकांश बंदूक मालिक हथियार रखने के अधिकार को अपनी स्वतंत्रता से जोड़कर देखते हैं। अमेरिका में वर्ष 1968 से आज तक गोलीबारी की घटनाओं में 15 लाख से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। कोरोना महामारी के दौरान विशेष रूप से बंदूक से हत्याओं में तेजी से वृद्धि हुई थी। ये वर्ष 2019 और 2021 के बीच 45 प्रतिशत बढ़ गईं, जबकि उस अवधि में बंदूक से आत्महत्या के मामले 10 प्रतिशत बढ़ गए थे। छोटे बच्चों और किशोरों में बंदूक से होने वाली मौतों में केवल दो वर्षों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अमेरिकी नेता बंदूकों से लोगों के गहरे लगाव पर सख्त बयान देने से परहेज करते हैं। चूंकि इससे उनका वोटबैंक नाराज हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से संपन्न और 'महाशक्ति' अमेरिका के सामाजिक ताने-बाने में गंभीर विकृतियां पैदा हो गई हैं। अगर समय रहते इन्हें नहीं सुधारा गया तो नतीजे ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं।

## ट्वीटर टॉक



खर्ची पूजा के पावन अवसर पर समस्त त्रिपुरा वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। मां त्रिपुर सुंदरी और चतुर्दश देवताओं की कृपा हम सभी पर अनवरत बरसती रहे, सभी स्वस्थ रहें तथा सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व सद्भाव बना रहे, यही मंगल कामना है।

**-राज्यवर्धनसिंह राठौड़**



राष्ट्र सन्त श्रद्धेय श्री ललित प्रभ सागर, राष्ट्र सन्त श्री चंद्र प्रभ सागर और डॉ. मुनि श्री शांति प्रिय जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। जोधपुर शहर विधायक श्री अतुल भंसाली व जोधपुर दक्षिण महापौर बहन वनिता सेठ साथ रहे। आयोजक 'संबोधि धाम' के सदस्यों को साधुवाद!

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



विश्व भर में भारत के मान और सम्मान में बढ़ोतरी के पीछे सिर्फ और सिर्फ हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि और अथक परिश्रम है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी वसुधैव कुटुबकम की हमारी महान परंपरा के ध्वजवाहक है।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

### इंसान का ऋण भार

झुककर दोहरी हो गयी कमर को कुछ सीधा करता हुआ बुढ़ापा बुरी तरह से छटपटाया। तभी अचानक मृत्यु ने प्रत्यक्ष होकर पूछा, 'हमारा मिलन तो अटल है, फिर तू मेरी नजरों से बच नहीं सकता! तुझे मेरे साथ चलना ही होगा।' बुढ़ापे ने बिलखकर कहा, 'न तो मैं तुझसे डरता हूं और न तुम्हारे आने से भयभीत हूं, मैं तो तुम्हारे आदर-सत्कार के लिए कब से पलकें बिछाये बैठा हूं। मेरे झुकने का उद्देश्य तेरी नजरों से बचने का कदापि नहीं है। मेरी कमर तो झुक रही है संसार से लिये हुए अपार ऋण भार से। मुझे हमेशा यह ध्यान रहता है कि संसार से मैंने जितना लिया उसका एक अंश भी नहीं चुका पाया! अतः कमर ऋण से और गर्दन ग्लानि से झुकी रहती है।'

## सामयिक

# राजस्थान भाजपा में बगावत के स्वर

रमेश सर्राफ धमोरा
9414255034

लोकसभा चुनाव के बाद राजस्थान भाजपा में जमकर उठा पटक मची हुई है जो भविष्य में आने वाले तूफान के संकेत दे रही है। राजस्थान के कृषि मंत्री डा. किरोड़ी लाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने सरकारी गाड़ी व अन्य सरकारी सुविधाएं भी लौटा दी है। यहां तक की डा. किरोड़ी लाल मीणा बजट सत्र में भी विधानसभा में नहीं आने की घोषणा कर चुके हैं। डा. किरोड़ी लाल मीणा भाजपा के कद्दावर नेता हैं और राजस्थान में संघर्ष के प्रतीक रहे हैं। सरकार में हो या विपक्ष में वह अपनी बात पूरी मुखरता से रखने के लिए जाने जाते हैं।

डॉ. किरोडी लाल मीणा मंत्रिमंडल के गठन के वक्त से ही नाराज बताए जा रहे हैं। मंत्रिमंडल के गठन के वक्त उन्हें उनकी वरिष्ठता के अनुरूप महत्व नहीं मिला था। जिसके चलते वह अंदर खाने नाराज चल रहे थे। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद उन्होंने खुलकर अपनी नाराजगी का इजहार कर दिया। डॉ. किरोडी लाल मीणा दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात कर चुके हैं। उसके उपरांत भी उन्होंने अपना मंत्री पद से इस्तीफा वापस नहीं लिया है। कहने को तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी कहते हैं कि किरोड़ी लाल मीणा पार्टी से नाराज नहीं है और वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में है। मगर हकीकत में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। बजट सत्र में भी विधानसभा नहीं आकर डा. किरोड़ी लाल मीणा ने अपनी नाराजगी खुलकर जता दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया अपने उपेक्षा से पहले से ही दुखी है। गाहे बेगाहे अपनी नाराजगी जाहिर करती रहती है। विधानसभा में भी वसुंधरा समर्थक विधायक सरकार को जमकर घेर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के बाद वसुंधरा राजे को पूरी आशा थी कि उन्हें तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। मगर जिस प्रकार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जेब से पर्ची निकाल कर वसुंधरा राजे से नए मुख्यमंत्री के लिए भजनलाल शर्मा के नाम की घोषणा करवाई। उससे वसुंधरा राजे की आम जनता में काफी फजीयत हुई थी। जिसे वसुंधरा अभी तक भूल नहीं पाई है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 11 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की हार से जहां केंद्र में भाजपा कमजोर हुई है वही राजस्थान में तो भाजपा सरकार के मुखिया भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य सभी अग्रिम पंक्ति के नेताओं की जमकर किरकिरी हुई है। केंद्र सरकार में तीसरी बार मंत्री बने अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर लोक सभा सीट से महज 55711 वोटो के अंतर से जीत सके हैं।

जबकि 2019 में वह 264081 व 2014 के चुनाव में 308079 वोटो के अंतर से चुनाव जीते थे। इस तरह देखे तो इस बार अर्जुन राम मेघवाल ने बहुत ही मुश्किल से चुनाव जीता है। जबकि उनके पड़ोस की श्रीगंगानगर, चुरु, झुंझनू, सीकर सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की हार हुई है। इसी तरह तीसरी बार केंद्र सरकार में मंत्री बने गजेंद्र सिंह शेखावत की स्थिति भी कोई बेहतर नहीं रही है। उन्होंने कांग्रेस के अनजान से प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा को 115677 वोटों से हराया है। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने तब के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को 274440 वोटो से व 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की कैबिनेट मंत्री चंद्रेश कुमारी कटोच को 303464 वोटो से चुनाव हराया था। इस बार के चुनाव में गजेंद्र सिंह का प्रभाव भी कम हुआ है। गजेंद्र सिंह के पड़ोस की बाड़मेर-जैसलमेर, नागौर, सीट पर भाजपा चुनाव हार गई है। जबकि पिछली बार यह सभी सीट भाजपा के पास थी। गजेंद्र सिंह शेखावत का शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ से चुनाव पूर्व हुआ विवाद भी खास सुर्खियों में रहा था। बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर तो भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी तीसरे स्थान पर रहें थे। उन्हें मात्र 16.99 प्रतिशत यानि 286833 वोट ही मिल पाए थे। जबकि 2019 का चुनाव कैलाश चौधरी ने 323808 वोटो से जीता था। तब उन्हें 846526 वोट मिले थे।

लोकसभा चुनाव में चूरू सीट पर भाजपा सांसद राहुल कस्वां का टिकट काटे जाने से जाटों में भाजपा के प्रति काफी नाराजगी व्याप्त हो गई थी। जिसका खामियाजा उन्हें जाट बहुल अधिकांश सीटों पर हार कर चुकाना पड़ा था। पिछली बार भाजपा के पांच सांसद जाट वर्ग से थे। जबकि अबकी बार अजमेर से भागीरथ चौधरी जीत पाए हैं। लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी अपने पुत्र के झालावाड़ संसदीय क्षेत्र तक ही सीमित रही थी। उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची में तो शामिल किया गया था। मगर चुनाव प्रचार के लिए कहीं नहीं भेजा गया। सीकर से दो बार भाजपा सांसद रहकर पिछला चुनाव हार चुके स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने खुलकर कहा है कि यदि वसुंधरा राजे से चुनाव प्रचार करवाया जाता तो नतीजे हटकर मिल सकते थे।

झुंझुनू से भाजपा टिकट पर चुनाव में पराजित हुए शुभकरण चौधरी ने अपनी हार का कारण अग्निवीर योजना को बताया था। भाजपा के बहुत से नेताओं का मानना है कि राजस्थान से सेना में सर्वाधिक नवयुवक भर्ती होते हैं। अग्निवीर योजना आने के बाद राजस्थान के युवाओं में खासी नाराजगी व्याप्त हो रही है। कांग्रेस ने वायदा किया था कि उनकी सरकार बनने पर अग्निवीर योजना बंद कर देगी। इससे बड़ी संख्या में नवयुवकों ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं भी सभी 25 संसदीय सीटों पर प्रचार के लिए नहीं पहुंच सक थे। मुख्यमंत्री स्वयं चुनाव के दौरान व्यवस्थित ढंग से चुनाव प्रचार नहीं कर सके। इसी के चलते अपने गृह जिले भरतपुर की लोकसभा सीट भी हार गए। कोटा जैसी भाजपा की मजबूत सीट पर भी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस बार महज 41974 वोटो के अंतर से ही जीते हैं। जबकि पहले के चुनाव में उनकी जीत का अंतर लाखों वोटो में होता रहा था।

राजस्थान में भाजपा की सरकार बने सात महीने से अधिक का समय हो चुका है। मगर अभी भी सरकार पर मंत्रियों की पकड़ नहीं बन पाई है। अधिकारी वर्ग मंत्रियों की बातों को अधिक तवज्जो नहीं देते हैं। जिसके चलते मंत्रियों द्वारा आम जनता मे की गई घोषणाएं पूरी नहीं होने से उनकी स्थिति हास्याद पद बन जाती है। अभी राजस्थान में मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष एक ही जाती के हैं। विभिन्न निगम, बोर्ड, आयोग, मण्डलों में भी अभी तक या तो पीटे हुए मोहरों को या अधिकारियों को ही नियुक्ति दी गई है। जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं मिल पाई है। मुख्यमंत्री के इर्द-गिर्द वही चौकड़ी रहती है जो उनके प्रदेश महामंत्री रहते उनके साथ रहती थी। इससे आम जनता में सरकार की छवि खराब हो रही है।

अगले कुछ महीनो में प्रदेश की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। पांच में से भाजपा के पास एक भी सीट नहीं थी। लेकिन यदि भाजपा इन पांच सीटों को फिर से हार जाती है तो मुख्यमंत्री की नकारात्मक छवी बनेगी। इसलिए सरकार के समक्ष सभी पांच विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जीतना एक मजबूत चुनौती बन गई है। भाजपा यदि पांचों सीटों पर उपचुनाव में जीत जाती है तो लोकसभा चुनाव की हार का गम कुछ कम होगा। वरना आने वाले समय में पार्टी आलाकमान द्वारा राजस्थान को लेकर कई बड़े निर्णय किए जाने की संभावना व्यक्त की जाने लगी है।

## मुद्दा

# खतरे में है नदियों का अस्तित्व

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

आज भी देश में कोई 12 हजार ऐसी छोटी नदियां हैं। केंद्रीय जल आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारी नदियां तेजी से सूख रही हैं। नदियों में घटता बहाव कोई अचानक नहीं आया है। यह साल-दर-साल घट रहा है। लेकिन नदी धार के कम होने का सारा दोष प्रकृति या जलवायु परिवर्तन पर डालना सही नहीं होगा। हमारे देश में 13 बड़े, 45 मध्यम और 55 लघु जलग्रहण क्षेत्र हैं। जलग्रहण क्षेत्र उस संपूर्ण इलाके को कहा जाता है, जहां से पानी बहकर नदियों में आता है। इसमें हिमखंड, सहायक नदियां, नाले आदि शामिल होते हैं। तीन नदियां-गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र हिमालय के हिमखंडों के पिघलने से निकलती हैं। इन सदानीरा नदियों को हिमालयी नदी'कहा जाता है। शेष पठारी नदी कहते हैं, जो मूलतः बरसात पर निर्भर होती हैं। देश में वर्तमान में 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं। इन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आपको अलग-अलग नदियों का प्रवाह देखने को मिल जाएगा। नदियां एक तरफ जहां पीने के पानी और कृषि के लिए महत्त्वपूर्ण होती हैं, वहीं ये जैव विविधता को बनाए रखने में भी मदद करती हैं। जीवनदायी नदियों के बारे में समय समय पर जो सूचनाएं मिलती है वे हमारे लिए हितकर नहीं है। कहीं पर्याप्त वर्षा न होने से नदियां सूखती जा रही है तो कहीं मानव जनित कारणों से नदिया बर्बाद हो रही है। एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर दिन 20 लाख टन सीवेज, औद्योगिक और कृषि अपशिष्ट पानी में छोड़े जाते हैं। यह 6.8 अरब लोगों की पूरी मानव आबादी के वजन के बराबर है। इसलिए अब समय आ गया है कि हम मानवता की भलाई के लिए अपनी नदियों को बचाएं। यह दिन नदियों के प्रबंधन, प्रदूषण और संरक्षण से जुड़े मुद्दों को हल करने से संबंधित है। इस साल की थीम सभी के लिए जल पर केंद्रित है। यह एक ऐसा दिन है जो पानी के हमारे जीवनदायी स्रोत को बचाने जश्न मनाने और अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने के लिए समर्पित है। यदि नदियों को आर्थिक उद्देश्यों के लिए संरक्षित और उपयोग करना है, तो एकजुटता महत्वपूर्ण है और लोगों को सीमाओं के पार नदी प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

आदिकाल से जीवनदायिनी रही हमारी पवित्र नदियां आज खुद दम तोड़ रही हैं। नदियों और झीलों के रूप में पानी के प्रचुर प्राकृतिक स्रोतों पर विचार करते हुए देखे तो भारत एक समृद्ध देश है। देश को नदियों की भूमि के रूप में उल्लेखित किया जा सकता है, भारत के लोग नदियों की पूजा देवी और देवताओं के रूप में करते हैं। लेकिन क्या विडंबना है कि नदियों के प्रति हमारा गहन सम्मान और श्रद्धा होने के बावजूद, हम उसकी पवित्रता, स्वच्छता और भौतिक कल्याण बनाए रखने में सक्षम नहीं हैं। हमारी मातृभूमि पर बहने वाली गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र और कावेरी या कोई अन्य नदी हो, कोई भी प्रदूषण से मुक्त नहीं है। नदियों के प्रदूषण के कारण पर्यावरण में मनुष्यों, पशुओं, मछलियों और पक्षियों को प्रभावित करने वाली गंभीर जलजनित बीमारियाँ और स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

हमारी पवित्र नदियां आज कूड़ा घर बन जाने से कराह रही हैं, दम तोड़ रही हैं। गंगा, यमुना, घाघरा, बेतवा, सरयू, गोमती, काली, आमी, राप्ती, केन एवं मंदाकिनी आदि नदियों के सामने खुद का अस्तित्व बरकरार रखने की चिंता उत्पन्न हो गई है। बालू के नाम पर नदियों के तट पर कब्जा करके बैठे माफियाओं एवं उद्योगों ने नदियों की सुरम्यता को अशांत कर दिया है। प्रदूषण फैलाने और पर्यावरण को नष्ट करने वाले तत्वों को संरक्षण हासिल है। वे जलस्रोतों को पाट कर दिन-रात लूट के खेल में लगे हुए हैं। केंद्र ने भले ही उत्तर प्रदेश सरकार की सात हजार करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना अपर गंगा केनाल एक्सप्रेस-वे पर जांच पूरी होने तक तत्काल रोक लगाने के आदेश दे दिए हों, लेकिन नदियों के साथ छेड़छाड़ और अपने स्वार्थों के लिए उन्हें समाप्त करने की साजिश निरंतर चल रही है। गंगा एक्सप्रेस-वे से लेकर गंगा नदी के इर्द-गिर्द रहने वाले 50 हजार से ज्यादा दुर्लभ पशु-पक्षियों के समाप्त हो जाने का ख़तरा भले ही केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की पहल पर रुक गया हो, लेकिन समाप्त नहीं हुआ। गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं एवं सत्ताधीशों की मिलीभगत साफ दिखाई देती है। नदियों के मुहाने और पाट स्वार्थों की बलिवेदी पर नीलाम हो रहे हैं।

नदियाँ प्रकृति की दी हुई वे नियामत हैं, जो अपने आंचल में ढेर सारा पानी प्रवाहित कर करोड़ों जीवों की प्यास शांत करती हैं। किसानों को अन्न जल से नवाजती हैं। अपनी इसी मातृ वत्सला वृत्ति के कारण नदियों को माँ स्वरुप सम्मान प्राप्त है, लेकिन विकास की अंधी हवस ने हमें माँ के प्रति अपने दायित्वों से विमुक्त कर दिया है। तभी आदि देव दिवाकर व भगवती गोदावरी की पुत्री सई नदी (जिसका जिक्र रामचरित मानस में भी किया गया है) काल कवलित हो रही है। कभी गंगा के समान पवित्र मानकर लोग इसके पानी का प्रयोग भोजन बनाने में करते थे। आज गंदी व प्रदूषण के कारण खाने की बात तो छोडिये लोग नहाने से भी डर रहे हैं।

## नजरिया

# केजरीवाल को जमानत के निहितार्थ

सुरेश हिंदुस्तानी
मोबाइल : 9770015780

देश की राजधानी दिल्ली में शराब घोटाले को लेकर चल रही राजनीति ने अब एक नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को सर्वोच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत देकर जांच एजेंसी पर उठे संदेह के घेरे को और बड़ा कर दिया है। अरविन्द केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी ने इसे भारतीय जनता पार्टी की साजिश का पर्दाफाश बताया है। यहां एक सवाल यह उठ रहा है कि क्या न्याय व्यवस्था में जमानत मिलना विजय का पर्याय है, क्योंकि आम आदमी पार्टी इसे अपनी विजय और सरकारी एजेंसी की साजिश करार दे रही है। उल्लेखनीय है कि जमानत मिलने के बाद भी आरोप समाप्त नहीं हो जाता। प्रकरण चलता रहता है। अभी शराब घोटाले में न्यायालय का निर्णय नहीं आया है, लेकिन आम आदमी पार्टी की राजनीति इसे निर्णय मानकर चल रही है। आम आदमी पार्टी का यह कदम वास्तव में न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करने जैसा ही माना जाएगा। आम आदमी पार्टी की ओर से प्रारम्भ से ही यह बताने की कवायद की जा रही है कि शराब मामले में कोई घोटाला हुआ ही नहीं है। उनका तर्क है कि अगर घोटाला हुआ है तो उस घोटाले की राशि भी जब्त की जानी चाहिए, जबकि प्रवर्तन निदेशालय का कहना है कि इससे जो राशि प्राप्त हुई उसे गोवा के चुनाव में व्यय किया गया। दोनों में कौन सच बोल रहा है और कौन झूंठ, यह आने वाला समय ही बता पाएगा। लेकिन इसी मामले में आम आदमी पार्टी के अन्य नेता भी आरोपी हैं, उन्हें अभी तक जमानत नहीं मिल सकी है। इसलिए यह नहीं माना जा सकता कि घोटाला हुआ ही नहीं। हो सकता है कि यह घोटाला बहुत चतुराई के साथ किया हो, क्योंकि प्रमाण पर्याप्त नहीं हैं। केजरीवाल को जमानत दिए जाने पर आम आदमी पार्टी भले ही खुशियाँ मना ले, लेकिन यह सत्य है कि न्यायालय ने उनके मुख्यमंत्री के अधिकार सीमित कर दिए हैं। उनको न तो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने का अधिकार है और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।



किसी भी घोटाले की जांच के लिए जांच एजेंसी कार्य करती हैं। लेकिन शराब घोटाले के मामले में जांच एजेंसी पर संदेह के बादल भी उमड़ रहे हैं। हो सकता है कि जांच एजेंसियां अपनी भूमिका को लेकर एकदम सही हो, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी के बाद जांच एजेंसी को विलेन के रूप में प्रचारित करने का अभियान सा चलता दिखाई दिया। यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। जांच एजेंसियों पर पहले भी सत्ता के इशारे पर कार्य करने के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि जांच एजेंसियां केंद्र सरकार के अधीन कार्य करती हैं, लेकिन जांच एजेंसियों पर यह आरोप लगाना न्याय संगत नहीं कहा जा सकता कि केंद्र सरकार के इशारे पर कार्य कर रही हैं। दूसरी बड़ी बात यह है कि आम आदमी पार्टी अपने नेता अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी की साजिश करने में जांच एजेंसी से अधिक भाजपा को निशाने पर लेने की राजनीति कर रही है। ऐसा नहीं है कि केवल आम आदमी पार्टी ही राजनीति कर रही है, बल्कि भाजपा भी कम नहीं है, वह भी इस मामले में बयान देने से पीछे नहीं है।

जहाँ तक भाजपा की बात है तो वह केंद्र में सत्ता संभालने के बाद पहले ही कह चुकी है कि न खाऊँगा और न खाने दूंगा। इस बात को ध्यान में रखकर यही कहा जा सकता है कि भाजपा की केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के विरोध में कार्यवाही करना चाहती है, लेकिन विपक्ष के राजनीतिक दल इसमें टांग अड़ाने की राजनीति कर रहे हैं। इसका एक कारण यह भी माना जा रहा है कि विपक्ष के अधिकांश बड़े नेता किसी न किसी आरोप में जमानत पर बाहर हैं। कई नेताओं पर गंभीर आरोप हैं और कई जेल में हैं। इसलिए विपक्ष और ख़ास कर आम आदमी पार्टी के कदम को सरकार पर दबाव बनाने की राजनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। हम जानते ही हैं कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भ्रष्टाचार के मामले में सजायाफ्ता हैं। लेकिन इसके बाद भी वे बिहार और देश की सक्रिय राजनीति में दखल दे रहे हैं। आज हालांकि लालू प्रसाद यादव चुनाव नहीं लड़ सकते, क्योंकि सजा प्राप्त कोई भी व्यक्ति चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाता है। सवाल यह है कि क्या ऐसा व्यक्ति राजनीति कर सकता है। नहीं करना चाहिए, लेकिन लालू ऐसा कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव ने केवल राजनीति ही नहीं की, बल्कि विपक्ष के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर खड़े दिखाई दिए। इस प्रकार की राजनीति करना किसी भी दल के लिए भी ठीक नहीं और देश के लिए भी ठीक नहीं मानी जा सकती। भ्रष्टाचार किसी भी स्तर का हो, जिसने भी किया है, उसके विरोध में कार्यवाही होना ही चाहिए। आम आदमी पार्टी भी यही कहकर दिल्ली की सत्ता पर विराजमान हुई थी। जो अब अपने सिद्धांत से परे जाती हुई दिखाई दे रही है।

दिल्ली के शराब घोटाले में जिस प्रकार से साजिश की बात कही जा रही है, उससे यह तो कहा जा सकता है कि इसमें साजिश हो सकती है। क्योंकि अगर मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल शराब घोटाले के मुख्य सूत्रधार साबित होते हैं तो यह भी एक साजिश ही मानी जाएगी, लेकिन अगर अरविन्द केजरीवाल को फंसाया गया है तो यह गंभीर साजिश ही कही जाएगी। फिलहाल इस मामले में जल्दबाजी करना ठीक नहीं होगा, क्योंकि अब यह मामला बहुत ही गंभीर हो गया है। जिसकी परतें उधड़ना बाकी हैं। अंदर क्या निकलता है, इसे देखने के लिए प्रतीक्षा करनी होगी।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

श्रद्धांजलि



वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी उत्तर प्रदेश में वायु सेना स्टेशन सरसावा में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के ऑपरेशन सफेद सागर के शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि देते हुए।

# आत्मविश्वास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण भी लगातार बने रहना चाहिए : जेपी नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें हमेशा आत्मविश्वास रखना चाहिए और उस आत्मविश्वास के साथ-साथ आत्मनियंत्रण भी लगातार बने रहना चाहिए। रविवार को यहां डॉ. राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के आंबेडकर सभागार में आयोजित भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में नड्डा ने यह बात कही। उन्होंने कहा, कोई बाहर वाला हमें नहीं बताता, हमें खुद मालूम है कि हमें क्या करना है, इसलिए हमारा विश्वास भी न डगमगाए और हमारी चिंतन की प्रक्रिया लगातार चलती रहे, इसका हमें ध्यान रखना है।

नड्डा ने दावा किया, जनता भाजपा के साथ है। 17 राज्यों में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) और 13 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं और आपको जानकर खुशी होगी कि 58 प्रतिशत भूभाग पर भाजपा का कमल खिल रहा है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम किस पार्टी के सदस्य हैं।



भाजपा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुट जाएं तो आपको (सरकार में आने से) हमेशा के लिए रोक सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी को पूरी तरह सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों में हुए कथित घोटालों की चर्चा करते हुए कहा, कमल खिलता है तो सुशासन आता है और दूसरे लोग आते हैं तो व्यापारी पलायन करते हैं, बहू बेटियां सुरक्षित नहीं रहतीं और घोटाले पर घोटाला होता है।

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हुई भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में नड्डा ने बिना नाम लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा पर निशाना साधते हुए कहा, हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि राजनीतिक कार्यकर्ता की हैसियत से हम कौन सा दृष्टिकोण लोगों के सामने खड़ा कर रहे हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि ये कांग्रेसी (क्या कहना चाहते हैं) और ये भाई-बहन पढ़े लिखे अनपढ़ लगते हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर कांग्रेसियों की आंखें तो ठीक कर सकता हूं, लेकिन वह दृष्टि कहां से लाऊं जो इनको देश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था दिखा सके। उन्होंने कहा कि 200 साल तक जिस ब्रिटेन ने भारत में राज किया, उसे पछाड़ते हुए भारत दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। इससे पहले उन्होंने कहा, हम कार्यकर्ता हैं और नेता भी हैं, और आप भी नेता हैं। नेता और कार्यकर्ता एक हैं। हर नेता पहले कार्यकर्ता होता है।

# ट्रम्प की हत्या की कोशिश के बाद विश्व नेताओं ने राजनीतिक हिंसा की निंदा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर समेत दुनिया के विभिन्न नेताओं ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की भयावह कोशिश की रविवार को निंदा की और कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। अठहत्तर-वर्षीय ट्रम्प शनिवार को उस समय बाल-बाल बच गए जब पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान एक हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं जिनमें से एक उनके दाहिने कान में लगी। गोलीबारी में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य की हालत गंभीर है। बीस-वर्षीय संदिग्ध शूटर को सीक्रेट सर्विस के एक सदस्य ने मार गिराया।

प्रधानमंत्री मोदी ने हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं। स्टॉर्मर ने कहा कि वह रैली केचौंकाने वाले दृश्यों से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, किसी भी रूप में राजनीतिक हिंसा का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है और मेरी संवेदनाएं इस हमले के सभी पीड़ितों के साथ हैं।

मैक्रों ने हत्या के प्रयास को एक त्रासदी करार दिया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, यह हमारे लोकतंत्रों के लिए एक त्रासदी है। फ्रांस



अमेरिकावासियों के सदमे और आक्रोश को साझा करता है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानी ने कहा, यह उन लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत एक अक्षम्य हमला था, जो ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी साझा करते हैं तथा (वह) स्वतंत्रता, जिसे हम संजोते हैं। ये मूल्य वे हैं जो हमारे दोनों देशों को एकजुट करते हैं। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वह पेंसिल्वेनिया से अद्यतन जानकारी प्राप्त कर रही हैं और ट्रम्प के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव अभियान के आने वाले महीनों में संवाद और जिम्मेदारी नफरत तथा हिंसा पर हावी हो सकती है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वे पेंसिल्वेनिया में चुनावी रैली में ट्रम्प पर गोली चलाए जाने की घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, इस तरह की हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और दुनिया में कहीं भी इसके लिए कोई जगह नहीं है। हिंसा को कभी भी हावी नहीं होना चाहिए। मुझे यह जानकर राहत मिली है कि डोनाल्ड ट्रम्प सुरक्षित हैं और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्दीनांद मार्कोस जूनियर ने कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं ट्रम्प और उनके परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा, दुनिया भर के सभी लोकतंत्र-प्रेमी लोगों के साथ, हम सभी प्रकार की राजनीतिक हिंसा की निंदा करते हैं। जनता की आवाज हमेशा सर्वोच्च होनी चाहिए। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा, किसी भी देश में ऐसी राजनीतिक हिंसा नहीं होनी चाहिए।

ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा, हमारे लोकतंत्र में किसी भी प्रकार की राजनीतिक हिंसा कभी भी स्वीकार्य नहीं है। मैं हमले से प्रभावित पीड़ितों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि दुनिया को लोकतंत्र को चुनौती देने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा के खिलाफ़ मजबूती से खड़ा होना चाहिए।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, राजनीतिक हिंसा कभी भी स्वीकार्य नहीं है। मेरी संवेदनाएं पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प, कार्यक्रम में मौजूद लोगों और सभी अमेरिकियों के साथ हैं। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह और उनकी पत्नी ट्रम्प के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सारा और मैं राष्ट्रपति ट्रंप पर हुए हमले से स्तब्ध हैं। हम उनकी सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने भी कहा, इन बुरे समय में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हैं।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने गोलीबारी की घटना को अस्वीकार्य करार दिया और सभी से इसकी निंदा करने का आग्रह किया। इस घटना की निंदा करने वाले अन्य वैश्विक नेताओं में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक भी शामिल हैं।

## जयशंकर की थाईलैंड के विदेश मंत्री के साथ बैठक से द्विपक्षीय संबंध और मजबूत हुए

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और थाईलैंड के उनके समकक्ष मारिस संगियामपोंगसा ने व्यापार, कनेक्टिविटी और निवेश के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग दल (बिम्सटेक) सदस्य देशों की एक बैठक के इतर हुई बातचीत के दो दिन बाद विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों मंत्रियों ने रक्षा और सुरक्षा संबंधों, व्यापार और निवेश अवसरों, कनेक्टिविटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग, स्वास्थ्य सहयोग, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संपर्क के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की।

मंत्रालय ने कहा, दोनों मंत्रियों ने परस्पर हित के मुद्दों पर भी विचार साझा किए और उप-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंच पर करीबी सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता जतायी। जयशंकर ने 12 जुलाई को थाईलैंड के मंत्री के साथ बैठक की और उनके सम्मान में दोपहर के भोजन की मेजबानी की। बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल बहुआयामी सहयोग के लिए दक्षिण और दक्षिणपूर्व एशिया के सात देशों को एक साथ लाता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की दूरदृष्टि के अनुसार, जयशंकर और संगियामपोंगसा ने मजबूत भारत-थाईलैंड साझेदारी की परस्पर आकांक्षा की पुन: पुष्टि की।

सम्मेलन



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में ग्लोबल काउंटर टेररिज्म काउंसिल द्वारा आयोजित तीसरे साइबर सुरक्षा सम्मेलन के दौरान एक समूह तस्वीर में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

# बारिश का मौसम हमें चिंताओं से मुक्त होना सिखाता है : स्वाति शर्मा

मुंबई/एजेन्सी



बारिश का मौसम अक्सर लोगों का पसंदीदा मौसम होता है। शेमारू उमंग के शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में आशी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री स्वाति शर्मा ने मानसून के प्रति अपने प्रेम और उसके मायने को साझा करते हुए कई मुख्य बातें बताई, जो यहाँ पेश की गई है।स्वाति ने बारिश के मौसम के लिए कहा, ''मुझे बारिश का मौसम बेहद पसंद है, मेरा जन्मदिन भी जुलाई में ही आता है। चाहे मेरा मूड कैसा भी हो, बारिश हमेशा मुझे खुश कर देती है। यहाँ तक कि अगर पूरे साल बारिश हो, तो भी मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

बारिश हमारे आसपास की सभी चीजों को अपने पानी से साफ कर देती है। इस सुंदर मौसम से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। बारिश का मौसम हमें अपनी चिंताओं से मुक्त होना सिखाता है। साथ ही हमें याद दिलाता है कि अपने जीवन को कैसे ख़ुशनुमा बनाना चाहिए। मैं मानसून से नकारात्मकता को दूर करना और सकारात्मक को अपने करीब रखना सीखती हूँ।''

स्वाति ने आगे कहा, ''काश मैं बारिश का और अधिक आनंद ले पाती, लेकिन 'चाहेंगे तुम्हें इतना' शो की शूटिंग के व्यस्त शेड्यूल के कारण मुझे ज्यादा फ्री समय नहीं मिल पता। लेकिन जब भी मुझे छुट्टी मिलती है मैं बारिश में घर से बाहर निकलने की पूरी कोशिश करती हूँ। इस वक्त मुझे लॉन्ग ड्राइव पर जाना, भुट्टा खाना और अपने परिवार के साथ समय बिताना बहुत पसंद है। मैं बारिश के मौसम में घर के अंदर नहीं रह सकती।'' 'चाहेंगे तुम्हें इतना' शो की दमदार कहानी दर्शकों को अपनी ओर खींचती नज़र आ रही है। हाल ही में नए किरदार राघव के आने से दर्शकों को बड़ा ड्रामा देखने को मिल रहा है। राघव के कारनामों से आशी और सिद्धार्थ के जीवन में बड़े उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में राघव के कृत्यों से आशी और सिद्धार्थ के जीवन में क्या परिणाम होगा ? क्या वे इस नई चुनौती का सामना कर पाएँगे?

# महिला स्वास्थ्य से जुड़े अनुसंधानों में कमी पर अपूर्वा अरोड़ा ने जताई चिंता

मुंबई/एजेन्सी



हाल ही में स्ट्रीमिंग सीरीज 'फैमिली आज कल' में दिखने वाली एक्ट्रेस अपूर्वा अरोड़ा ने महिलाओं के लिए उचित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं की कमी पर चिंता व्यक्त की है। पीसीओडी (पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम) से जूझने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान और स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद महिलाओं को समर्पित शोधों की कमी है। पीसीओडी एक हार्मोन से जुड़ी बीमारी है, जिसमें महिलाओं में सामान्य फर्टिलिटी साइकिल बाधित हो जाता है। एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए अपूर्वा ने आईएएनएस से कहा, ''(महिला शरीर के बारे में) समझ में यह कमी महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण पर गलत असर डालता है। महिलाएं दुनिया की आधी आबादी हैं, और अगर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल रही है, तो यह एक समाज के रूप में हमारी प्रगति पर सवाल उठाता है। एक्ट्रेस ने कहा, ''पारंपरिक रूप से, महिलाओं को अधिकार वाले पदों पर कम प्रतिनिधित्व दिया गया है और अक्सर उन्हें उनकी वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए मान्यता नहीं मिली है। स्वास्थ्य सेवा में लैंगिक समानता हासिल करने और सभी की जरूरतें पूरी करने के लिए इन मुद्दों पर काम करना महत्वपूर्ण है, जो आम तौर पर छोटे कदम लगते हैं। हिंदी, गुजराती, पंजाबी और कन्नड़ फिल्मों में काम कर चुकी अपूर्वा ने यह भी बताया कि कैसे योग ने उन्हें पीसीओडी से संबंधित लक्षणों से राहत दिलाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि योग उनकी फिटनेस यात्रा में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कई तरह के व्यायाम आजमाए, लेकिन योग ही उनके लिए फायदेमंद साबित हुआ है। उन्होंने कहा, योग ने मुझे पिछले कुछ साल में पीसीओडी से संबंधित लक्षणों से राहत दिलाने में मदद की है और साथ ही पुरानी चोटों को ठीक करने में भी सहायक रहा है।

# श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाएंगे सिद्धार्थ आनंद

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, आध्यातमिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाने जा रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जीवन की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कोलंबिया के 52 साल पुराने गृहयुद्ध को बिना एक भी गोली चलाए सुलझा दिया था। नीतू महावीर जैन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। यह एक वीडियो पोस्ट है जिसमें श्री श्री रविशंकर को अलग-अलग इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित किया जा रहा है। नीतू महावीर जैन ने वीडियो पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी है कि सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने के



लिये साथ आ रहे हैं।उन्होंने पोस्ट में बताया है कि इस कहानी को बताना जरूरी है क्योंकि 52 साल पहले गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की वजह से ही बिना एक भी गोली चलाए कोलंबिया का गृहयुद्ध सुलझा था।इस फिल्म की कहानी लैटिन अमेरिका की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए बनाया गया है। इसमें दुनिया भर से कई मशहूर कलाकार और क्रू मेंबर्स शामिल हैं।

# रिश्तों में सबसे महत्वपूर्ण चीज बातचीत है : सनी लियोन

मुंबई/एजेन्सी

एमटीवी का डेटिंग रियलिटी शो 'एमटीवी स्प्लिट्सविला एक्स5: एक्सस्क्रीज मी प्लीज' सबसे ज्यादा चर्चा में रहता है। शो को एक्ट्रेस सनी लियोन होस्ट कर रही हैं। उन्होंने रिश्तों के हर पहलू पर काम करने वाले 'की फैक्टर' को शेयर किया। शो के लेटेस्ट एपिसोड के दौरान, सनी ने कहा, ''रिश्तों में सबसे इम्पोर्टेन्ट चीज क्या होती है? कम्युनिकेशन।'' हमारे आइडियल मैच के लिए 'बेकेशन' का समय आ गया है। शोडाउन के बाद, नायरा और दिग्विजय ने आइडियल मैच जीत लिया। बाद में, हर्ष ने खुलासा किया कि कशिश को छोड़ने का उसका फैसला एडी के दिमाग की उपज था। इससे कशिश हैरान और दुखी हो गई।

'एमटीवी स्प्लिट्सविला एक्स5: एक्सस्क्रीज मी प्लीज' एमटीवी और जियो सिनेमा पर उपलब्ध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, सनी ने हाल ही में तमिल फिल्म 'कोटेशन गैंग' का फर्स्ट लुक जारी



किया, इसमें ग्लैमरस अवतार को छोड़ वह एक ग्रामीण माफिया सदस्य की भूमिका में नजर आ रही हैं। इस पोस्टर में उन्होंने एक्टर जैकी श्रॉफ की गर्दन पकड़ी हुई हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ के अलावा 'द फैमिली मैन' फेम प्रियामणि भी लीड रोल में हैं।

इसके अलावा, सनी के पास लेखक अनुराग कश्यप की 'कैनेडी' भी है। इस फिल्म का प्रीमियर पिछले साल कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और जल्द ही इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा, वह हिमेश रेशमिया और प्रभुदेवा के साथ एक अनटाइटल फिल्म पर भी काम कर रही हैं। उनके अपकमिंग मलयालम प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। उनकी लाइफ की बात करें तो सनी लियोनी का जन्म 13 मई 1981 को कनाडा में पंजाबी परिवार में हुआ। उनका असली नाम करनजीत कौर वोहरा है। 2003 में पॉर्न इंडस्ट्री में आने से पहले सनी ने बेकरी और टैक्स एंड रिटायरमेंट फर्म में काम किया था उन्होंने रियलिटी शो 'बिग बॉस 5' में बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री ली। फिर डायरेक्टर महेश भट्ट ने उन्हें 'जिस्म 2' का ऑफर दिया। इस फिल्म में सनी के साथ रणदीप हुड्डा नजर आए। इसके बाद उन्हें बैक टू बैक फिल्में मिलती गईं। उन्होंने 'जैकपॉट', 'रागिनी एमएमएस 2', 'एक पहेली लीला', 'कुछ-कुछ लोचा है', 'मस्तीजादे', 'वन नाइट स्टैंड' (2016) जैसी कई फिल्मों में काम किया है। एक्टिंग से अलग, 2016 में सनी लियोनी ने अपना खुद का कॉस्मेटिक ब्रांड लॉन्च किया था।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के हम्पीनगर के विद्यारण्य भवन में विश्वचेतना सांस्कृतिक ट्रस्ट द्वारा डांस धमाका सीजन 3 का राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें राज्य भर से लगभग एक हजार से अधिक नृत्य प्रतियोगियों ने भाग लिया।



# किशोरमंडल विजयनगर की नई टीम ने ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ किशोरमंडल विजयनगर के नवमनोनीत संयोजक हर्ष मांडोत एवं उनकी टीम का शपथ ग्रहण का आयोजन साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी के सान्निध्य में विजयनगर स्थित मीठा जीवन भवन में सम्पन्न हुआ। अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया।

परिषद अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। तेयुप हनुमंतनगर एवं यशवंतपुर टीम ने भी साध्वीश्री के सान्निध्य में पद की गोपनीयता की शपथ ली। तत्पश्चात कमलेश चोपड़ा ने किशोरमंडल संयोजक हर्ष मांडोत को शपथ दिलायी। इसके पश्चात हर्ष मांडोत ने सेवा संस्कार संगठन के सह संयोजक के रूप में दर्शन बाबेल, रिशित छाजेड, चेतन गांधी को शपथ दिलाई। इस अवसर पर साध्वीश्री ने मंगल आशीर्वचन देते हुए नव मनोनीत टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई टीम को विनय के साथ सबको साथ ले कर चलना है। हमें पूरी युवा शक्ति को परिषद में जोड़कर नये नये कार्यों को सम्पादित करना है,आध्यात्मिकता की तरफ युवा शक्ति को ले जाना है और चातुर्मास में युवकों को ज़्यादा से ज़्यादा धर्म लाभ लेने की प्रेरणा दी।

अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत, विजयनगर सभा अध्यक्ष मंगल कोचर, टीपीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत ने नवगठित टीम को शुभकामना दी। अध्यक्ष कमलेश चौपड़ा ने गत सत्र के किशोर मंडल प्रभारी विकास बांठिया, संयोजक नमन चावत, विशाल श्यामसुखा, सह संयोजक दर्शन बाबेल, चेतन गांधी की सराहना की।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अभातेयुप, तेयुप परिवार के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन तेयुप निवर्तमान अध्यक्ष राकेश पोखरणा ने किया। आभार अभातेयुप के सीपीएस के राष्ट्रीय प्रशिक्षक अरविंद मांडोत ने किया।



# यशवंतपुर तेरापंथ युवक परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ युवक परिषद यशवंतपुर के नवमनोनीत अध्यक्ष महावीर गन्ना और उनकी नई टीम का दायित्व ग्रहण समारोह रविवार को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद उपाध्यक्ष पवन मांडोत की अध्यक्षता में मीठा जीवन भवन में साध्वीश्री सिद्धप्रभाज़ीके सान्निध्य में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत द्वारा श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया गया।

निवर्तमान अध्यक्ष जिगर मारू ने नव मनोनित अध्यक्ष महावीर गन्ना को शपथ दिलाई। इसके पश्चात नवमनोनीत अध्यक्ष महावीर गन्ना ने अपने नई टीम को शपथ दिलवाई।

नई कमेटी में उपाध्यक्ष विक्रम पितलिया व मुकेश मुथा, मंत्री दिलीप पितलिया, सह मंत्री भावेश कटारिया, सहमंत्री अभिषेक पोखरणा, कोषाध्यक्ष प्रवीण मांडोत तथा संगठन मंत्री धर्मेश डुंगरवाल के साथ सभी कार्य समिति सदस्यों को नव निर्वाचित अध्यक्ष महावीर गन्ना ने शपथ दिलाई।

पवन मांडोत, हिम्मत मांडोत, अरविंद मांडोत एवं विजयनगर नगर सभा अध्यक्ष मंगल कोचर तथा यशवंतपुर सभा अध्यक्ष सुरेश बरडिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।



# भरतनाट्यम नृत्य भारत की विरासत का एक अहम हिस्सा है : महेन्द्र मुणोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हम्पीनगर के विद्यारण्य भवन में विश्वचेतना सांस्कृतिक ट्रस्ट द्वारा डांस धमाका सीजन 3 का राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें राज्य भर से लगभग एक हजार से अधिक नृत्य प्रतियोगियों ने भाग लिया। विभिन्न दलों ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम से लेकर लोक पश्चिमी नृत्य कलाओं का प्रदर्शन किया। इस मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मारुति मेडिकल्स के महेंद्र मुणोत ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किये। इस मौके पर मुणोत ने कहा कि आज इस मंच पर जो आयोजन हुआ वह महज नृत्य प्रतियोगिता नहीं थी।

जीतना या हारना सामान्य बात है, लेकिन दर्जनों कलाओं का प्रदर्शन किया गया जो कि अनुकरणीय है। बच्चों के बीच सक्रियता, शारीरिक व्यायाम और मानसिक तल्लीनता बहुत महत्वपूर्ण है।

भरतनाट्यम प्रतियोगिता जैसी है भारतीय विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। दुनिया की किसी भी नृत्य कला को आत्मसात किया जा सकता है। लेकिन भरतनाट्यम कला शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लिए भी जरूरी है।



# अक्कीपेट में प्रसादी वितरण में जरूरतमंदों को कराया भोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी नवयुवक मंडल अक्कीपेट के तत्वाधान मे अक्कीपेट स्थानक के प्रांगण में लगभग 250 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। अक्कीपेट नवयुवक मंडल लगभग 15 वर्ष से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों मैं सेवा प्रदान करता आ रहा है। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष कमलेश सालेचा ने बताया कि प्रसादी वितरण में सेवा देने हेतु संघ के कोषाध्यक्ष पारसमल श्रीश्रीमाल, सहमंत्री विनोद भुरट, संतोषचंद सिंघवी, प्रकाशचंद भंसाली, धर्मेंद्र लुकंड सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। महावीर भंसाली, विकास भंसाली के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में मंडल के मंत्री निर्मल लुंकड़ ने सेवा देने वालों को धन्यवाद दिया ।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**जय शाकम्भरी माता**

स्थानीय मां शाकम्भरी सेवा समिति के तत्वावधान में मां शाकम्बरी माता का मासिक मंगलपाठ, ज्योत, चुनरी उत्सव का आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य व समाजसेवी बांसुरी स्वीटस के आनंद अग्रवाल के निवास स्थान ईटा अपार्टमेन्ट में किया गया। इस मौके पर अग्रवाल परिवार की ओर से मां शाकम्भरी का विशेष श्रृंगार कर दरबार सजाया गया। कार्यक्रम में पंडित मृत्युंजय कटारे द्वारा मंगलपाठ किया गया तथा अनेक श्रद्धालुओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर अग्रवाल परिवार के हितैषी, मित्रगण व परिवारजन उपस्थित थे।

# पाकिस्तान में अस्थिरता और अनिश्चितता फैलाने में लगी ताकतों को बेनकाब किया जाए : शाहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने देश में अस्थिरता एवं अनिश्चितता फैलाने में लगे तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत पर बल दिया है क्योंकि आर्थिक रूप से खस्ताहाल उनकी सरकार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। 'एआरवाई न्यूज' की खबर है कि शरीफ ने सीनेट (पाकिस्तानी संसद के एक सदन) में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के संसदीय दल के नेता तथा विदेश मामलों से संबंधित सीनेट की स्थायी समिति के अध्यक्ष इरफान सिद्दिकी के साथ बैठक के दौरान परोक्ष रूप से विपक्ष की ओर इशारा करते हुए यह बात कही। किसी भी दल का नाम लिये बगैर प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को सरकार, देश एवं राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थानों के विरुद्ध चल रहे संगठित अभियान को विफल करने की प्रभावी रणनीति विकसित करने पर जरूर ध्यान देना चाहिए। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी सभी मोर्चों पर सरकार का विरोध कर रही है और आरोप लगा रही है कि पीएमएल-एन ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के जनादेश को चुरा लिया है।

॥ जय भिक्षु ॥ ॥ अर्हम् ॥ ॥ जय महाक्षमण॥

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा
गांधीनगर, बेंगलूरु

महातपस्वी युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी
की सुशिष्या साध्वीश्री उदितयशाजी ठाणा4 का
चातुर्मासिक मंगलप्रवेश आज
सोमवार, 15 जुलाई, 2024

साध्वीश्री का मंगल प्रवेश श्री मदनलालजी नाहर, नेहरूनगर के निवास स्थान से प्रातः 9:21 बजे विहार कर प्रातः 9:51 बजे तेरापंथ भवन, गांधीनगर में अहिंसा रैली के साथ होगा।
इस गौरवशाली क्षणों में सम्पूर्ण तेरापंथ समाज बेंगलूरु से निवेदन कि आप सभी उपस्थित रह कर संघ के गौरव में अभिवृदि करावे ।

अभिनंदन कार्यक्रम
प्रातः 10:00 से 10:40 बजे तक

नोट : यथासंभव संघीय गणवेश में पधारने की कोशिश करावे।
पुरुष सफेद शर्ट, महिलाएं - महिला मण्डल की साड़ी या चुनरी की साड़ी

पारसमल भंसाली
अध्यक्ष

रैली संयोजक
महावीर मेहता
अनिल पोखरना
7019947621

विनोद छाजेड़
98441 14931
मंत्री

निवेदक :
तेरापंथ सभा, तेरापंथ ट्रस्ट, तेरापंथ युवक परिषद,
तेरापंथ महिला मंडल, अणुव्रत समिति, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम
एवं अन्य सहयोगी संस्थाएं, गांधीनगर, बेंगलूरु, 080-22265493



# चिकपेट आदिनाथ जैन मंदिर में धूमधाम से हुआ साधु साध्वियों का चातुर्मास प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के चिकपेट आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में रविवार को आचार्यश्री हेमप्रभसूरीश्वरजी म.सा. के विनयवान शिष्य गच्छाधिपति श्री विज्ञानप्रभ सूरीश्वरजी, प्रवर्तकश्री बोधिप्रभविजयजी, मुनिश्री निर्मोहप्रभविजयजी एवं महाराष्ट्र दीपिका साध्वीश्री यशप्रभाश्रीजी की शिष्या साध्वीश्री अरिहंतप्रभाश्रीजी म.सा. का मंगल चातुर्मास प्रवेश बड़े धूमधाम से हुआ। सामैया में श्री आदिनाथ सेवा मंडल, अर्हम ग्रुप, ऋषभ संस्कार वाटिका के विद्यार्थी व शिक्षक, अर्हम कन्या महिला ग्रुप, लब्धिसूरि जैन पाठशाला, सरगम मंडल, श्राविका मंडल, भंडारी स्कूल के साथ अनेक महिला मंडल के सदस्य शामिल हुए। केसरसूरी समुदाय के महात्माओं के चातुर्मास शहर के 9 संघों में है। सोहन हॉल में गुरुवंदन और मांगलिक के बाद लब्धिसूरि जैन संगीत मंडल द्वारा गुरू भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। चिकपेट श्रीसंघ के अध्यक्ष गौतम सोलंकी ने सभी का स्वागत किया। संतश्री निर्मोहप्रभविजयजी महाराज ने चातुर्मास के साथ साथ जिनवाणी का महत्व बताते हुए युवा पीढ़ी को सन्मार्ग में लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में संघ सभी ट्रस्टी एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# धर्म सुनने के लिए मन की सफाई जरूरी है : विनयमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, अलसूर के तत्वावधान में आयोजित प्रवचन में विनयमुनि खींचन ने कहा कि धर्म सुनने के लिए मन की सफाई जरूरी हैं। हमारे आस पास कषायों के ढेर हैं और ऐसे वातावरण में धर्म आचरण में नही उतर सकता हैं। आज दूसरों को उपदेश और दूसरों को सुधारने की होड़ लगी हुई हैं। धर्म तो आत्मा का विषय है और स्वयं के उद्धार का मार्ग है। विनयमुनिजी ने कहा कि आज हम शहरी वातावरण के अभ्यस्त हो गए हैं। परंतु वह समय भी आएगा जब शहरी जीवन से हम ऊब जाएंगे। यहां हवा पानी भोजन सब अशुद्ध हो गए हैं। अलसूर श्रावक संघ के मंत्री अभयकुमार बांठिया ने संचालन किया।

# पिक्सेल स्पेस ने अंतरिक्ष में बस्तियां बनाने के लिए क्षुद्रग्रहों का खनन करने की योजना बनाई

नयी दिल्ली। बेंगलूरु आधारित स्टार्टअप पिक्सेल स्पेस ने पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों का अपना समूह तैयार कर चंद्रमा और क्षुद्रग्रहों का मानचित्रण करने तथा बाहरी अंतरिक्ष में बस्तियां बनाने के लिए आवश्यक सामग्री की तलाश करने की योजना बनाई है। यहां पीटीआई मुख्यालय में संपादकों के साथ बातचीत में पिक्सेल स्पेस के सह-संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) अवैस अहमद ने स्टार्टअप की दीर्घकालिक योजनाओं के बारे में बताया और इनमें अंतरिक्ष में भविष्य की बस्तियों के लिए निर्माण सामग्री या संभावित ईंधन स्रोत खोजने के इरादे से क्षुद्रग्रहों की खोज शामिल है।

अहमद ने कहा, हम 'हाइपर-स्पेक्ट्रल' कैमरे बना रहे हैं जो पृथ्वी को देखते हैं। उन्हीं कैमरों को अंतरिक्ष में अन्य वस्तुओं को देखने के लिए बाहर की ओर घुमाया जा सकता है। हम इन अंतरिक्ष यान को चंद्रमा, मंगल या क्षुद्रग्रह क्षेत्र में भेज सकते हैं, और सौर मंडल एक नक्शा बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह का अधिक विस्तार से पता लगाने के लिए उपग्रहों को चंद्रमा के चारों ओर की कक्षाओं में भी स्थापित करना चाहेगा। अहमद ने कहा, हम मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह क्षेत्र में जा सकते हैं ।

केन्द्रीय विद्यालय रेल पहिया कारखाना
KENDRIYA VIDYALAYA, RWH YELAHANKA
शिक्षा मंत्रालय के तहत, भारत सरकार
येलहंका , बेंगलुरु - 560 064.
तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Phone : 080-28460979 (O), Fax No.: 080-28566968, E-Mail : kvrwf123@gmail.com, Website : https://wapyelahanka.kvs.ac.in

प्रत्यक्ष साक्षात्कार

वर्ष 2024-25 के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर शिक्षकों के साक्षात्कार किए जाएंगे ।

| दिनांक | संविदा पद |
|---|---|
| 16 जुलाई 2024 | स्नातकोत्तर शिक्षक (रसायन शास्त्र)<br>प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (अंग्रेजी)<br>विशेष शिक्षक (Special Educator) |

साक्षात्कार हेतु 16 जुलाई 2024 प्रातः 10:00 बजे आवश्यक प्रमाण पत्र के प्रतियों के एक सेट और प्रासंगिक मूल दस्तावेजों के साथ विद्यालय में उपस्थित हों । संबंधित पद हेतु योग्यता, अन्य जानकारी एवं आवेदन पत्र डाउन लोड करने के लिए कृपया वेबसाइट देखें :
https://wapyelahanka.kvs.ac.in

एक से अधिक पद हेतु अलग - अलग आवेदन प्रपत्र समस्त दस्तावेज़ों के साथ प्रस्तुत करें । प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु कोई TA / DA का भुगतान नहीं होगा ।

सही /- प्राचार्य

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com